दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
वर्ष: 3 | अंक: 105 जयपुर, रविवार, 24 मार्च, 2024 | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष- पूर्णिमा, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### होली दहन मुहूर्त: नौ योगों में रात 11.13 बजे



**जयपुर।** ज्योतिषाचार्य दामोदर प्रसाद शर्मा ने बताया कि फाल्गुन मास की पूर्णिमा रविवार को सुबह 9 बजकर 54 मिनट से लेकर 25 मार्च को दोपहर 12 बजकर 29 मिनट तक रहेगी। ऐसे में होलिका दहन 24 मार्च को किया जाएगा। होलिका दहन के समय भद्रा का त्याग किया जाता है। इस बार भद्रा सुबह 9.27 बजे से रात 10.27 बजे तक रहेगी। ऐसे में होली दहन भद्रा के बाद शुभ मुहूर्त में रात 11.13 बजे से रात 12.27 बजे तक की जाएगी। ज्योतिषाचार्य के अनुसार इस बार होलिका दहन पर 700 साल बाद 9 दुर्लभ योग का महासंयोग बन रहा है। इस दिन लक्ष्मी योग, सर्वार्थ सिद्धि योग, रवि योग, पर्वत योग, उभयचरी, सरल, वरिष्ठ, शश महापुरुष योग और अमला योग रहे हैं।

### रक्षा मंत्री सियाचिन में जवानों के साथ मनाएंगे होली



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि वह 24 मार्च को सियाचिन का दौरा करेंगे। वह वहां तैनात सशस्त्र बलों के जवानों के साथ होली मनाएंगे। रक्षा मंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "24 मार्च को मैं दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन में रहूंगा। वहां तैनात सशस्त्र बलों के जवानों के साथ होली का त्योहार मनाने के लिए उत्सुक हूं।" बता दें कि काराकोरम रेंज में लगभग 20 हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित सियाचिन ग्लेशियर को दुनिया के सबसे ऊंचे सैन्यीकृत क्षेत्र के रूप में जाना जाता है।

### अवकाश की सूचना

होली और धुलंडी के उपलक्ष्य में 24 व 25 मार्च को कार्यालय में अवकाश रहेगा। अगला अंक 27 मार्च 2024 को प्रकाशित किया जाएगा।

-संपादक

**हैप्पी होली:** उत्साह, भाईचारे और उमंग के त्योहार की धूम, बाजार हुए गुलजार

# आज होलिका दहन, कल रंगों से खेलेंगे होली... उल्लास

- जमकर हुई रंगों की खरीदारी, सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद
- राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं

**बेधड़क** | जयपुर

प्रेम और सद्भाव का प्रतीक होली का त्योहार रविवार को देशभर में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। दो दिन रविवार और सोमवार को लोग होली पर्व की खुशियों में एक दूसरे को रंग लगाकर बधाई देते नजर आएंगे। इस दौरान प्रदेशभर में लोग जमकर गुलाल और रंगों से होली खेलेंगे। जयपुर में देर रात तक बाजारों में होली की रौनक दिखाई दी। बाजार भी होली के रंगों से सरोबार नजर आए। एक आंकड़े के अनुसार होली पर्व पर पर प्रदेश भर के बाजारों में करीब 100 करोड़ रुपए से अधिक की गुलाल और रंगों की खरीदारी की जाएगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और राज्यपाल कलराज मिश्र ने भी होली पर्व पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। वहीं, प्रदेशभर में इस दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति रोकने के लिए पुलिस व्यवस्था चाक चौबंद रखी गई है। वहीं, लोकसभा चुनाव में उतरे प्रत्याशी भी आमजन के बीच होली खेलते नजर आएगें।



### शहर के बाजारों में हुई रंग-गुलाल की जमकर खरीदारी

खासकर जयपुर के चारदीवारी बाजार जहां होली के रंगों का सबसे बड़ा मार्केट है। यहां हर जगह पर होली के रंगों की दुकानें सजी दिखाई देने लग गई। होली खेलने से लेकर होली पर होने वाली पूजा के सभी सामान बाजारों में सज गए हैं। सुबह से ही महिलाएं होली के डांडा की पूजा करने लग जाएंगी। परकोटे के विभिन्न बाजारों सहित राजापार्क, वैशाली नगर, टोंक रोड, सांगानेर व सीकर रोड सहित राजधानी के अन्य क्षेत्रों में लोगों ने प्राकृतिक गुलाल खरीदी। गुलाल लेने वालों में सबसे ज्यादा मांग अरारोट की गुलाल की है। इस गुलाल से त्वचा को नुकसान नहीं पहुंचता है। इस गुलाल को बनाने का काम जयपुर में ही कई कारखानों में चल रहा है।

### राजनेता आमजन के बीच खेलेंगे होली

इस बार साल 2019 की तरह ही होली पर राजनीति के रंग भी खूब चढ़ेंगे। आसन्न लोकसभा चुनावों के चलते प्रत्याशी और पार्टियों के कार्यकर्ता अपने वोटर्स के बीच रंगों-उमंगों के साथ पहुंचेंगे। वहीं, लोग भी अपने नेताजी को जमकर गुलाल लगाएंगे। कई प्रत्याशियों ने अपने वोटर्स को लुभाने के लिए होली पर विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए हैं।

### चंद्र ग्रहण... भारत में कोई असर नहीं

इस साल होली पर साल का पहला चंद्र ग्रहण भी लगेगा। यह चंद्र ग्रहण सुबह 10:24 बजे से दोपहर 03:01 बजे तक रहेगा। यानी चंद्र ग्रहण की कुल अवधि 4 घंटे 36 मिनट की होगी। हालांकि, भारत में इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। यह चंद्र ग्रहण भारत में दृश्यमान नहीं होगा और न ही इसका सूतक काल मान्य होगा।

**होली से पहले मौत का तांडव**

# बॉयलर फटा... 6 मजदूर जिंदा जले, दो घायल

**बस्सी इलाके के बैनाड़ा गांव की घटना, कारखाने का मालिक फरार, मौके पर खराब मिले अग्निशामक यंत्र, मुआवजे की मांग पर श्रमिकों ने किया प्रदर्शन**

**बेधड़क** | जयपुर

अभी शहर के विश्वकर्मा इलाके में आग से जले परिवार की चिता शांत भी नहीं हुई कि बस्सी थाना इलाके के बैनाड़ा में शनिवार शाम केमिकल फैक्ट्री में बॉयलर फटने से हुई आगजनी में काम कर रहे छह मजदूर जिंदा जल गए और दो गंभीर घायल हो गए। घटना के समय फैक्ट्री में करीब 40 से अधिक श्रमिक काम कर रहे थे। तभी अचानक फैक्ट्री के एक हिस्से में बॉयलर फट गया, जिससे वहां काम कर रहे मजदूर आग की चपेट में आ गए। अचानक हुई इस घटना के बाद कारखाने में अफरा-तफरी मच गई। लोग जलते हुए बाहर निकलने लगे। फैक्ट्री में बॉयलर फटने से हुए तेज धमाके की आवाज काफी दूर तक सुनाई दी। एकाएक हुई घटना से हर कोई स्तब्ध रह गया। हादसे की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया।



### सख्त कार्रवाई होगी

जयपुर कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने कहा कि बैनाडा में आबादी क्षेत्र में शालीमार केमिकल फैक्ट्री संचालित हो रही थी। इस फैक्ट्री में रोड और बिल्डिंग निर्माण में काम आने वाले केमिकल को बनाया जाता है। इस फैक्ट्री में आग लगने की जो घटना हुई है, उसमें फैक्ट्री मालिक से लेकर जिस किसी भी व्यक्ति की लापरवाही सामने आएगी, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, मालिक फरार है।

### मुआवजे की मांग पर स्थानीय लोगों में आक्रोश

घटना के बाद में सैकड़ों की संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए और मुआवजा व मामले की उच्च स्तर पर जांच की मांग करते हुए विरोध जताने लगे। मौके पर पहुंची एंबुलेंस को भी अंदर नहीं घुसने दिया। बाद में घायलों को सवाईमानसिंह अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उनकी भी हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं, मृतकों के परिजनों ने शव उठाने से इनकार कर दिया। इस मौके पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने समझाइश की कोशिश की। परिजनों का कहना है कि मुआवजा और फैक्ट्री के मालिक पर कार्रवाई के बाद ही शव को उठाने दिया जाएगा।



### सीएम शर्मा ने जताई संवेदना

सीएम भजनलाल ने कहा कि जयपुर के समीप बस्सी में केमिकल फैक्ट्री में आग लगने की दुर्घटना से हुई नागरिकों की मृत्यु अत्यंत दुखद है। संबंधित अधिकारियों को तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य तेजी से संचालित करने तथा प्रभावितों को हरसंभव मदद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को शांति व घायलों को अतिशीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करे।

### घायलों की मदद को दौड़े ग्रामीण

पुलिस ने बताया कि अग्निकांड बस्सी थाना क्षेत्र की शालीमार फैक्ट्री में हुआ। शाम कीहब छह बजे काम करते समय अचानक बॉयलर फट गया, जिसके बाद भीषण आग लग गई। इस अग्निकांड में छह लोग जिंदा जल गए और मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य श्रमिकों ने भागकर जान बचाने का प्रयास किया। मरने वालों की पहचान मनोहर, हीरालाल, कृष्णलाल गुर्जर और गोकुल हरिजन के रूप में हुई है। दो की पहचान नहीं हुई। सूचना पर आसपास के लोग मदद को दौड पड़े, जिससे आग से अन्य लोगों को बचा लिया गया। वहीं, करीब आधा दर्जन घायल लोगों को उपचार के लिए जयपुर सवाईमानसिंह अस्पताल में भर्ती किया गया। घटना की जानकारी मिलने पर दमकल और रेस्क्यू टीम को मौके पर बुलाया गया। मौके पर पहुंची नौ फायर ब्रिगेड की गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। हादसे की सूचना पर जिला कलेक्टर सहित वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए।

**बागियों की भाजपा में वापसी:** चार निर्दलीय विधायकों ने दिया भाजपा को समर्थन

# पूर्व सांसद गोपाल सिंह भी हुए कमल के साथ

**बेधड़क** | जयपुर

लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होते ही प्रमुख दलों के नेताओं का पाला बदलना जारी है। कई पूर्व में हुए कई बागियों ने शनिवार को भाजपा का दामन थाम लिया। इसके अलावा चार निर्दलीय विधायकों ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को समर्थन देने की घोषणा की है। इनमें चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह, सांचौर विधायक जीवाराम चौधरी, हनुमानगढ़ विधायक गणेश राज और बयाना विधायक रितु बनावत शामिल हैं। इसके साथ ही पूर्व सांसद गोपाल सिंह ईडवा ने भी बीजेपी का दामन थामा है। इसी प्रकार बीजेपी से बागी होकर कोटपूतली से चुनाव लड़ने वाले मुकेश गोयल, बस्सी से चुनाव लड़ने वाले जितेंद्र मीणा, जालम सिंह रावलोत, विकेश खोलिया, सुखवंत सिंह, विजय मीणा और दानाराम चौधरी भी बीजेपी में शामिल हुए।



चंद्रभान सिंह, चित्तौड़गढ़ विधायक | जीवाराम चौधरी, सांचौर विधायक | गणेश राज, हनुमानगढ़ विधायक | ऋतु बनावत, बयाना विधायक

### ईडवा बिना शर्त पार्टी में हुए शामिल: जोशी



इस दौरान बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि गोपाल सिंह ईडवा ने मेरे सामने चुनाव लड़ा था। आज बीजेपी में शामिल हो गए हैं। ये बिना शर्त भारतीय जनता पार्टी में आए हैं। जोशी ने कहा कि राजस्थान में डबल इंजन की सरकार काम कर रही है। भाजपा ने जो वादे चुनाव से पहले किए थे। 90 दिनों में काम करते हुए उनमें से 45% काम पूरे भी कर दिए हैं। भाजपा कार्यकर्ता लोकसभा में भी 25 सीट जीतकर नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाएंगे।

## अनिल चौपड़ा होंगे जयपुर ग्रामीण से प्रत्याशी, नागौर आरएलपी को

**बेधड़क** | जयपुर





कांग्रेस ने होली से एक दिन पहले शनिवार को 46 लोकसभा उम्मीदवारों की तीसरी लिस्ट जारी कर दी है। तीसरी लिस्ट में राज्य की दो सीटों पर उम्मीदवार घोषित किए हैं, जबकि नागौर सीट हनुमान बेनीवाल की पार्टी आरएलपी के लिए छोड़ी है। करौली-धौलपुर सीट से पूर्व मंत्री भजनलाल जाटव को और जयपुर ग्रामीण से अनिल चोपड़ा को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस अब तक तीन बार में 17 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार चुकी है, जबकि दो सीट गठबंधन में छोड़ चुकी है। अब 6 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा होना बाकी है।

## KKR ने SRH को 4 रन से हराया

**कोलकाता।** आईपीएल के रोमांचक मैच में आंद्रे रसेल की पहले 25 गेंदों में 64 रनों की नाबाद पारी, फिर गेंदबाजी में 2 विकेट से केकेआर ने एसआरएच को 4 रन से हराया। शनिवार को यहां ईडन गार्डन में खेले गए इस मुकाबले में केकेआर ने विरोधी टीम के खिलाफ बेहद मुश्किल से जीत दर्ज की। बैटिंग करने के मिले न्योते को भुनाते हुए केकेआर ने सॉल्ट और आंद्रे रसेल के अर्धशतकीय पारी से एसआरएच के सामने 209 रनों का विशाल लक्ष्य रखा था, लेकिन वह 204 रन पर ढेर हो गई।

**गर्मी की दस्तक...**

# अलर्ट... प्रदेश में होली के बाद 26 मार्च से एक्टिव हो रहा वेस्टर्न डिस्टर्बेंस

- राजधानी में बढ़ रहा पारा, प्रदेश के 13 जिलों में किया गया बारिश का अलर्ट जारी
- बाड़मेर में अधिकतम तापमान $40^0$ के पास... सर्वाधिक न्यूनतम पारा जालौर में

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में मौसम में एक बार फिर बदलाव देखने को मिलेगा। रविवार को होली के त्योहार पर प्रदेश के 13 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को एक हल्के प्रभाव का पश्चिमी विक्षोभ आएगा। इसके असर से बीकानेर, जयपुर संभाग के 9 जिलों में बादल छाएंगे। इसके असर से हल्की बारिश हो सकती है। 26 मार्च से एक दूसरा वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होगा, जिसका असर 27 मार्च तक रहेगा। उससे भी प्रदेश में हल्की बारिश होने की संभावना बन रही है। प्रदेश के तमाम हिस्सों में शनिवार को मौसम साफ रहा। तेज धूप ने लोगों को गर्मी का अहसास कराया।

राजधानी जयपुर में दिन का अधिकतम तापमान 2.5 डिग्री बढ़कर 36 डिग्री सेल्सियस तक आ गया। जयपुर के अलावा पूर्वी राजस्थान में अजमेर, अलवर, भीलवाड़ा में भी तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। इसी प्रकार पिलानी में 38.4, उदयपुर में 36.1, कोटा में 36.5, सीकर के फतेहपुर में 37.2 और जालोर में दिन का तापमान 38.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जैसलमेर, जोधपुर, चूरू में भी गर्मी तेज रही और यहां पारा 37 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ।



### पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से बारिश की संभावना

मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि रविवार को एक हल्के प्रभाव का पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इस सिस्टम के बीकानेर, जयपुर संभाग के अलवर, भरतपुर, जयपुर, झुंझुनूं, सीकर, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़ और गंगानगर जिलों में बादल छाएंगे। कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है। हालांकि, इस सिस्टम के प्रभाव से तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होगा।

### 26 से फिर बदलेगा मौसम

25 मार्च को आसमान साफ रहने के बाद 26 मार्च की शाम से फिर से मौसम में बदलाव होने की संभावना है। 26 मार्च को दूसरा वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होगा। इस सिस्टम का असर जोधपुर, बीकानेर और जयपुर संभाग के जिलों में हो सकता है। इससे इन जिलों में आसमान में बादल छाने के साथ कहीं-कहीं बारिश भी हो सकती है।

## जरूरी खबर

### सीएम को भेंट किया आईपीएल का गोल्डन पास



**बेधड़क.जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से शनिवार को राजस्थान रॉयल्स के सीईओ जैक लश मकरम एवं उपाध्यक्ष राजीव खन्ना ने ओटीएस स्थित मुख्यमंत्री निवास पर मुलाकात की। जैक एवं खन्ना ने मुख्यमंत्री को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का गोल्डन पास भेंट कर जयपुर में आयोजित होने वाले राजस्थान रॉयल्स के मैच देखने के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान खेल एवं युवा मामलात मंत्री श्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ भी मौजूद रहे। दरअसल जयपुर में राजस्थान रॉयल्स के 24 एवं 28 मार्च तथा 6 अप्रेल सहित कुल 5 मैच आयोजित होंगे।

### सी-विजिल एप पर मिलीं 1500 से ज्यादा शिकायतें

**बेधड़क.जयपुर।** लोकसभा आम चुनाव में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर सी-विजिल एप से शिकायतों पर रिकॉर्ड समय में कार्रवाई हो रही है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि पिछले 7 दिन में प्रदेशभर में 1515 शिकायतें दर्ज की गयी है। इनमें से 546 शिकायतों का तय समय में निस्तारण कर दिया गया। गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में आदर्श आचार संहिता के लागू होने के बाद प्रतिदिन 200 से ज्यादा शिकायतें मिल रही हैं। 6 शिकायतें अभी जांच दलों और रिटर्निंग ऑफिसर्स के द्वारा निर्णय के लिए लंबित हैं। 789 शिकायतें डीसीसी द्वारा ड्रॉप कर दी गई हैं।

### राजस्थान में आम आदमी पार्टी नहीं खेलेगी होली



**बेधड़क.जयपुर।** इस बार राजस्थान में आम आदमी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता होली का त्योहार नहीं मनाएंगे। दिल्ली के सीएम व आप संयोजक अरविंद केजरीवाल सहित अन्य नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में शनिवार को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन पालीवाल ने इसकी घोषणा की। पालीवाल ने कहा कि राजस्थान और देश में लोकतंत्र की हत्या हो रही है। झूठे मामलों में नेताओं को गिरफ्तार किया जा रहा है और जब इसका विरोध होता है तो पुलिस लाठियां भांजती है। इन सब के विरोध में आप के नेता और कार्यकर्ता होली नहीं खेलेंगे।

## गुर्जर आरक्षण: लोकसभा चुनाव से पहले भजनलाल सरकार के सामने नई मुश्किल

# एमबीसी आरक्षण पर तलवार, गुर्जर समाज करेगा आंदोलन

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान में लोकसभा चुनाव के तहत दो चरणों में वोटिंग होगी। इस बीच भरतपुर धौलपुर के जाट आरक्षण आंदोलन के बाद भजनलाल सरकार के सामने एक और बड़ी मुसीबत खड़ी होने वाली है। अब गुर्जर समाज ने भी बीजेपी सरकार को आंदोलन की चेतावनी दी है। गुर्जर समाज में एमबीसी आरक्षण पर तलवार लटकने की आशंका के कारण समाज में रोष व्याप्त है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने गुर्जर नेताओं को नोटिस जारी किया है। इसके कारण गुर्जर आरक्षण पर खतरा मंडराता देखकर समाज के नेताओं में खलबली मच गई हैं।



गुर्जर आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट के नोटिस के बाद हिम्मत सिंह गुर्जर ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखा है। इस पत्र में हिम्मत सिंह गुर्जर ने अनुरोध किया है कि कैप्टन गुरविंदर सिंह याचिका की सरकार प्रभावी रूप से पैरवी करवाए, ताकि गुर्जर सहित पांच जातियों को 5 फीसदी एमबीसी का आरक्षण मिल सके। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट की ओर से गुर्जर नेता हिम्मत सिंह और दिवंगत कर्नल किरोड़ी सिंह बैसला के नाम नोटिस जारी किया गया। इससे अब गुर्जर आरक्षण को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है।

### आरक्षण को लेकर पीछे नहीं हटेगा समाज

हिम्मत सिंह गुर्जर ने कहा कि समाज के सभी साथियों ने एकमत से निर्णय लिया है कि खुद सुप्रीम कोर्ट में हमारा एडवोकेट खड़ा नहीं करेंगे, क्योंकि एमबीसी आयतन अधिनियम-2019 विधानसभा से पारित होकर कानून बना है। इसलिए इस कानून की न्यायपालिका में रक्षा करने की जिम्मेदारी सरकार की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार पूरे 5 साल एमबीसी आरक्षण अधिनियम की रक्षा रही। इससे एमबीसी के हजारों युवा आज सरकारी नौकरी में हैं। उन्होंने सभी पार्टियों के नेता और कार्यकर्ताओं से भी अपील की है कि राजस्थान की भाजपा सरकार पर दबाव बनाएं, ताकि एमबीसी आरक्षण अधिनियम 2019 प्रभावी हो। उन्होंने चेतावनी दी है कि गुर्जर, गाड़िया लोहार और बंजारा समाज चुप नहीं बैठेगा।

### सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया नोटिस



सुप्रीम कोर्ट की ओर से गुर्जर समाज के आरक्षण को लेकर गुर्जर नेता हेमराज सिंह गुर्जर और किरोड़ी बैसला को नोटिस जारी किया गया। इसके बाद समाज में आरक्षण को लेकर चिंता की लहर फैल गई है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट मराठा आरक्षण को भी रद्द कर चुकी है। अब गुर्जर समाज को आशंका है कि कहीं एमबीसी का आरक्षण भी रद्द न हो जाए। इसको देखते हुए हिम्मत सिंह गुर्जर ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर सुप्रीम कोर्ट में प्रभावी पैरवी करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि भजनलाल सरकार इस मुद्दे पर गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि गुर्जर आरक्षण की रक्षा के लिए समाज को आंदोलन करना पड़ा तो, वह भी किया जाएगा।

## खेल व उद्योग मंत्री ने पेश किया सरकार का रिपोर्ट कार्ड

# भ्रष्टाचार की फैक्ट्री को 90 दिन में किया खत्म: राज्यवर्धन सिंह

**बेधड़क** | जयपुर

लोकसभा चुनाव से पहले प्रदेश की भजनलाल सरकार ने अपने 90 दिन के कामकाज का लेखाजोखा जनता के सामने रखा। सरकार की ओर से खेल व उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने भजनलाल सरकार की 90 दिन की उपलब्धियों को जनता के सामने रखा।

राठौड़ ने सरकार की उपलब्धियों को गिनाने के साथ ही पूर्ववर्ती गहलोत सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि 1800 दिन तक कांग्रेस सरकार में अराजकता और भ्रष्टाचार का भवसागर बना रहा, लेकिन भ्रष्टाचार की फैक्ट्री को प्रदेश की मौजूदा भजनलाल सरकार ने सिर्फ 90 दिन में ही खत्म कर दिया। इतना ही नहीं सालों से अटके प्रोजेक्ट को भी 90 दिन में मंजूरी दिलाई गई। पिछले 5 साल में राज्य की जनता पूरी तरह से परेशान हो चुकी थी। जनता से जुड़े हित के काम रोक कर रखे गए थे। केवल भ्रष्टाचार की इंडस्ट्री चल रही थी। वहीं, प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के साथ ही हमने 100 दिन वादा किया था। खैर, आचार संहिता लगने के कारण फिलहाल सरकारी काम कुछ समय के लिए रुक गया है, लेकिन 90 में जो हुआ वो 5 साल में नहीं हुआ था।

■ पूर्व कांग्रेस सरकार पर निशाना, 1800 दिन तक प्रदेश में रही अराजकता



### एक के बाद एक बड़े फैसले

राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि भजनलाल सरकार ने एक के बाद एक बड़े फैसले ही नहीं, बल्कि उनको धरातल पर उतारने का भी काम किया गया। युवाओं और किसानों को राहत दिखाई दे रही। महिलाएं खुद को सुरक्षित महसूस कर रही है तो रोजगार के अवसर खोले जा रहे हैं। पीने के पानी के लिए एमओयू हुआ है, पेपर लीक प्रकरण पर भी एक्शन लिया गया है तो पेट्रोल-डीजल के दाम भी कम हुए हैं। इसके साथ ही पूरे प्रदेश में एक सामान रेट पर अब पेट्रोल-डीजल मिल रहे हैं। इसके अलावा महिलाओं को 450 रुपए में घरेलू सिलेंडर उपलब्ध हो रहे हैं। साथ ही घर-घर नल का सपना भी साकार होता दिख रहा है और ये सब 90 दिन में हुआ है।

### प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी को एक साल पूरा, मनाई होली

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी को आज से ठीक एक साल पहले 23 मार्च को राजस्थान भाजपा की कमान सौंपी गई थी। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने जोशी को कमान तब सौंपी जब प्रदेश बीजेपी में गुटबाजी हावी थी और आठ महीने बाद राजस्थान विधानसभा के चुनाव भी थे। शांत स्वभाव से दिखने वाले सीपी जोशी ने पहले तो परिस्थितियां को समझा और चुनौतियों को स्वीकार किया। उसके बाद महज एक साल के कार्यकाल में पार्टी की न केवल गुटबाजी खत्म की, बल्कि बीजेपी को विपक्ष से सत्ता में पहुंचाने का काम भी किया। जोशी के कार्यकाल के एक साल पूरे होने पर पार्टी के कार्यकर्ताओं में जोश भी और उत्साह भी दिखा। यही वजह है कि भाजपा युवा मोर्चा की अन्य संगठनों की ओर से प्रदेश भाजपा मुख्यालय पर होली से पहले ही होली मनाई गई।

### ये गिनाई उपलब्धियां

- 2 लाख 80 हजार हेक्टेयर भूमि को सिंचाई व 40 लाख लोगों को पीने का पानी मिलेगा।
- भाजपा सरकार ने 2% वेट कम करके पेट्रोल-डीजल की दरें कम की।
- कांग्रेस राज में 19 बार पेपर लीक हुए, भजनलाल सरकार में पेपर लीक नहीं हुआ।
- कांग्रेस के शासनकाल में दुष्कर्म के मामले में राजस्थान देश में नंबर वन था।
- भजनलाल सरकार ने एंटी रोमियो टास्क फोर्स का गठन किया।
- राजस्थान में मान सम्मान के साथ ऊर्जा शक्ति को भी बढ़ाया गया।
- बिजली के मामले में राजस्थान को बनाया जा रहा है आत्मनिर्भर।
- प्रधानमंत्री सूर्य योजना में हर परिवार को 78000 रुपए तक की सब्सिडी मिलेगी।

## टर्मिनल-2 की बिल्डिंग का होगा विस्तार

# एयरपोर्ट के विकास पर खर्च होंगे 262 करोड़

**बेधड़क** | जयपुर

अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर यात्री सुविधाओं में नया सुधार देखने को मिलेगा। एयरपोर्ट प्रशासन मौजूदा टर्मिनल बिल्डिंग में सुधार कार्य करवाएगा, साथ ही बिल्डिंग का एक्सपेंशन किया जाएगा। इसके लिए एयरपोर्ट प्रशासन ने एयरपोर्ट इकोनॉमिक रेगुलेटरी अथॉरिटी में प्लान सब्मिट कर दिया है।

जयपुर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर इन दिनों जब रोजाना 17 हजार यात्रियों का आवागमन हो रहा है और यात्रियों की बढ़ती संख्या के चलते एयरपोर्ट बिल्डिंग में स्पेस की कमी देखने को मिल रही है, तब एयरपोर्ट प्रशासन ने टर्मिनल बिल्डिंग में सुधार करने का फैसला लिया है। इसके लिए एयरपोर्ट टर्मिनल बिल्डिंग का विस्तार करने के साथ ही मौजूदा यात्री सुविधाओं में भी सुधार किया जाएगा। हालांकि अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए अब टर्मिनल-1 को फिर से शुरू करने का फैसला लिया गया है। एयरपोर्ट प्रशासन ने इंटरनेशनल फ्लाइट्स और नॉन शेड्यूल्ड फ्लाइट्स का मूवमेंट टर्मिनल-1 पर शिफ्ट करने की तैयारी कर ली है। वहीं टर्मिनल-2 को अब केवल घरेलू फ्लाइट्स के आवागमन के लिए रखा जाएगा।




### यह विकास कार्य होंगे टर्मिनल-2 पर

- टर्मिनल-2 के विकास कार्यों पर कुल 262.90 करोड़ खर्च होंगे
- टर्मिनल-2 के एक्सपेंशन कार्य पर 76.94 करोड़ खर्च का अनुमान
- टर्मिनल भवन में पुनर्निर्माण कार्यों पर 25.14 करोड़ खर्च होंगे
- बैगेज हैंडलिंग सिस्टम पर 30.31 करोड़ खर्च होंगे
- टर्मिनल बिल्डिंग के इंटीरियर वर्क्स पर 21.47 करोड़ खर्च होंगे

## 227 करोड़ रुपए का सामान जब्त

**बेधड़क** | जयपुर

लोकसभा चुनाव में अवैध गतिविधियों पर अलग-अलग एनफोर्समेंट एजेंसियों ने नजर गड़ाए रखी है। मामले सामने आने कार्रवाई की जा रही है। एजेंसियों की ओर से मार्च महीने की शुरुआत से अब तक नशीली दवाओं, शराब, कीमती धातुओं, मुफ्त बांटी जाने वाली वस्तुओं (फ्रीबीज) और अवैध नकद राशि के रूप में लगभग 227 करोड़ रुपए कीमत की जब्तियां की हैं। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद 16 मार्च से अब तक एजेंसियों द्वारा पकड़ी गई वस्तुओं की कीमत 129 करोड़ रुपये से ज्यादा है।

## खबरों में बेधड़क खबर



■ओमप्रकाश शर्मा, विशेष संवाददाता

### करोड़ों रुपए का होने वाला था भुगतान

लालकोठी स्थित सात मंजिला भवन में एक फर्म को करोड़ों रुपए का अनियमित भुगतान होने से बच गया। भुगतान की तैयारी एक ब्रेवो साहब ने बड़े साहब को बोलकर और एक पीटर पर दबाव बनाकर कागजी कार्रवाई कर ली थी, लेकिन मुखिया तक पहुंचने पर मामला अटक गया। दरअसल, सेट का नेटवर्क सुधार करने के लिए एक फर्म को टैंडर दिया था। फर्म को बिना काम के ही एक ब्रेवो साहब ने अपने बड़े साहब को बोलकर एक पीटर पर फर्म को भुगतान की प्रक्रिया करने का दबाव बनाया। दबाव में पीटर ने कागजी कार्रवाई तो पूरी कर दी। लेकिन ब्रेवो व बड़े साहब अपने मंसूबो में कामयाब नहीं हो पाए। चर्चा है कि बड़े साहब का तबादले का कारण अनियमित भुगतान की तैयारी ही बना था।

### सरेंडर को कहानी बनाकर गैलेंट्री की तैयारी

खाकी के लिए सिरदर्द बने एक गैंगेस्टर के गुर्गे की गिरफ्तारी में नया मोड़ आ गया है। गुर्गे ने कई जगह सरेंडर करने का प्रयास किया था। लेकिन एक ब्रेवो ने बड़ी तरकीब से गुर्गे का सरेंडर कराया। हालांकि सरेंडर को एक फिल्मी कहानी बनाकर नया रूप दिया गया। चर्चा है कि ब्रेवो के इशारेबाज दूसरे ब्रेवो ने इस कहानी में बड़ी भूमिका निभाई थी। ऐसे में दूसरे वाले ब्रेवो साहब, जिनके विशेष महारथी उनके लिए विशेष काम करते थे। महिमामंडल करके फाइल लालकोठी वाले सात मंजिला भवन तक भिजवा दी है। लेकिन चर्चा है कि गुर्गे की गिरफ्तारी में विशेष महारथियों की भूमिका का यशमैन ब्रेवो ने केवल महिमामंडन कराया है। ऐसे में पुरस्कार की दौड़ से बाहर निकल सकते है। क्योंकि हकीकत बड़े साहबों को सब पता है।

### पीटर की नजर नाइट पार्टी क्लब पर

राजधानी में लगे एक पीटर की साहब की नजर इनदिनों शहर के नामचिन नाइट पार्टी क्लबों पर है। चर्चा है कि जॉइन करने के बाद में साहब ने अपने अधिनस्थ को बोलकर सर्किल में चलने वाले ऐसे क्लबों की पूरी सूची तैयार करवा ली है, क्योंकि साहब पहले से अपने इलाके के अधिकतर सेवा शुल्क वाले प्रतिष्ठानों से वाकीब है। ऐसे में साहब को ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ेगी। हालांकि इन क्लबों के मैनेजर बदल गए है। ऐसे में क्लब वाले गामाओं के मार्फत व रीडरों के मार्फत देर रात तक क्लब चलाने के लिए साहब से सिग्लन ले रहे है। जिन क्लब वालो का मामला तय हो गया, उनको साहब ने ग्रीन सिग्नल दे दिया और जिनकी सेवा अभी तय नहीं हुई उनको साहब ने रेड सिग्नल दे दिया। साहब की यह कार्यशैली खाकी में इनदिनों काफी चर्चा में है।

### ब्रेवो की मुखबिरी

राजधानी में तैनात एक ब्रेवो साहब की उनका रीडर ही मुखबिरी कर रहा है। मुखबिरी रीडर द्वारा अपने तत्कालीन साहब के लिए की जा रही है। क्योंकि तत्कालीन साहब का रीडर पर सभी मामलों में बड़ा आशीर्वाद था। इसके खाकी में कई मायने निकाले जा रहे हैं।चर्चा है की रीडर साहब उन्हीं फ़ाइलों की मुखबिरी कर रहे हैं, जिनमें तत्कालीन साहब की बड़ी दख़ल थी और जाँच करने में अपने आंका के इशारे पर बड़ी दिलचस्पी दिखाई थी। मुखबिरी का यह मामला शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## CM जनता से खेलेंगे होली

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने होली एवं धुलंडी के पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। शर्मा ने कहा कि उमंग, उत्साह व रंगों का यह त्यौहार आपसी भाईचारे, प्रेम, सुख एवं समृद्धि का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे सामाजिक बुराइयों एवं भेदभाव को मिटाने तथा समरसता बनाए रखने का संकल्प लें। शर्मा ने सभी लोगों से होली खेलने के दौरान प्राकृतिक रंगों का उपयोग करने और पानी का विवेकपूर्ण इस्तेमाल करने का आग्रह भी किया। सीएम 25 मार्च को धुलंडी के दिन ओटीएस स्थित मुख्यमंत्री निवास पर होली का त्यौहार मनाएंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनता के साथ भी होली खेलेंगे।

## पूर्व सीएम का जालोर-सिरोही दौरा

# देश में हो रही लोकतंत्र की हत्या, ये वक्त चुनौती से कम नहीं: गहलोत

**बेधड़क** | जालोर

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत शनिवार को सिरोही और जालोर के दौरे पर रहे। यहां पार्टी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए गहलोत ने केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला।

उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र की हत्या हो रही है और केंद्र की मोदी सरकार विपक्षी पार्टियों को डराने व धमकाने के लिए ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग कर रही है। ऐसे में ये वक्त देश के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। गहलोत ने आगे कहा कि आज देश में संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। बिना कानून के देश का कोई भी नागरिक सुरक्षित नहीं रह सकता है। दो-दो मुख्यमंत्री, जो संवैधानिक पद पर थे, उन्हें ईडी ने गिरफ्तार कर लिया। पिछले 10 साल का इतिहास हमारे सामने है। लगातार ईडी के मार्फत लोगों को तंग किया गया। ऐसे में अब उनसे पूछना चाहिए कि कितने लोगों का चालान किया गया है और अगर नहीं हुआ है तो फिर क्यों नहीं पेश किया गया। बता दें कि वैभव गहलोत को जालोर-सिरोही लोकसभा सीट से टिकट मिलने के बाद शनिवार की शाम पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पहली बार जालोर पहुंचे। उन्होंने कांग्रेस के अग्रिम पंक्ति के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक ली।



उन्होंने कार्यकर्ताओं से वैभव गहलोत को जिताने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि वैभव को इस बार जालोर-सिरोही को सौंप रहा हूं। देश के दो मुख्यमंत्री जेल में बैठे हैं, बहुत विकट परिस्थितियों में चुनाव हो रहे हैं। इस दौरान उनके बेटे वैभव भी उनके साथ थे।

### 4 अप्रैल को नामंकन दाखिल करेंगे वैभव

पूर्व सीएम ने सामतीपुरा रोड़ पर स्थित चामुंडा गार्डन में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक ली। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के 12 नेताओं के अकाउंट फ्रिज किए गए, जो गलत है। गहलोत ने बताया की वैभव के नामाकंन का 4 अप्रैल को मुहूर्त निकला हैं। उस मुहूर्त में वैभव अपना नामांकन भरेंगे। इस दौरान होने वाली रैली के लिए उन्होंने हर गांव, हर घर से मतदाता को लाने की अपील की। साथ ही कहा कि जालोर में समस्या बहुत ज्यादा हैं। जिला मुख्यालय का स्वरूप निखरना चाहिए। मेडिकल कॉलेज के साथ पांच सौ बेड का हॉस्पिटल बनेगा, तब पता चलेगा कि यह जिला मुख्यालय हैं। टाउन हॉल बन रहा हैं। यह हमारे द्वारा दिया गया हैं। उन्होंने जालोर-सिरोही में विकास को लेकर पदाधिकारियों से सुझाव मांगे। उन्होंने कहा कि आज सिर्फ घर-घर के लोगों को समझाने के लिए मीटिंग रखी हैं और वैभव गहलोत को मैं आज जालोर-सिरोही की जनता को सौप रहा हूं। आप सब को वैभव गहलोत बनकर चुनाव लड़ना हैं। साथ ही जालोर-सिरोही के विकास के मुद्दों पर लड़ना हैं कि यहां विकास कैसे हो।

### कार्यकर्ताओं से किया संवाद

लोकसभा चुनाव को लेकर सिरोही जिला मुख्यालय स्थित पणिहारी गार्डन में शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ता-पदाधिकारी- जनप्रतिनिधि संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ता-पदाधिकारी -जनप्रतिनिधियों से संवाद किया। इसमें लोकसभा प्रत्याशी वैभव गहलोत भी मौजूद रहे। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष आनंद जोशी ने बताया कि कार्यक्रम में सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, विधानसभा प्रत्याशी, जिला प्रमुख/प्रधान, पूर्व जिला प्रमुख/पूर्व प्रधान, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी/सदस्य, ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, जिला परिषद/पंचायत समिति सदस्य, कांग्रेस समर्थित जनप्रतिनिधि, अग्रिम संगठनों के जिलाध्यक्ष/विधानसभा अध्यक्ष, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।

### त्योहार की पूर्व संध्या पर खरीदारी करने उमड़े लोग, बच्चों में सबसे ज्यादा दिखा उत्साह

# आस्था की जीत की प्रतीक होली आज

## परकोटे सहित मानसरोवर, मालवीय नगर, सांगानेर, राजापार्क आदि बाजार सजे, जाम से बाजारों में थमे पहिए

बेधड़क । जयपुर

रंगों का त्योहार रविवार और सोमवार को गुलाबी नगरी में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। बाजार में जगह-जगह पर रंग और गुलाल की दुकानें सज चुकी हैं। शनिवार देर रात तक लोग गुलाल और मिठाई की दुकानों पर गुंजियां खरीदते नजर आए। रविवार को होली दहन किया जाएगा। सोमवार को धूलंडी पर लोग दिनभर रंग और गुलाल में एक दूसरे को रंगेंगे। लोग डीजे की धुन पर नाचते नजर आएंगे। साथ ही लोग मंदिरों में ठाकुरजी के साथ होली खेलेंगे। लोग टोली बनाकर कॉलोनियों में घूमेंगे और चंग की थाप पर फाग गाएंगे। वहीं, महिलाएं होलिका दहन से पूर्व पूजन कर अपने परिवार की रक्षा की कामना करेंगी।

### खुशबू वाले हर्बल कलर्स की बाजार में अधिक डिमांड

व्यापारी जुगलकिशोर शर्मा ने बताया कि इस बार लोगों में होली के त्योहार को लेकर खूब क्रेज देखने को मिल रहा है। लोग जमकर होली के लिए रंग बिरंगे रंग खरीद रहे हैं। शहर के बाजारों की सभी दुकानों पर इस बार एक से एक सुंदर और खुशबू वाले हर्बल कलर्स की लोगों में सबसे ज्यादा डिमांड है। साथ ही होली पर बच्चों के लिए इस बार विशेष फैंसी आइटम लोगों को खूब पसंद आ रहे हैं। रंगों की कीमतों में इस बार ज्यादा अंतर नहीं है। बच्चों के फैंसी आइटमों की किमतो में जरूर थोड़ा अंतर हैं, क्योंकि नए ट्रेंड के हिसाब से फैंसी आइटम तैयार किए जाते हैं। इसमें अलग-अलग प्रकार के मुकुट, पानी की पिचकारियां सबसे ज्यादा डिमांड में रही।



### मंदिरों में होली खेलने के लिए विशेष व्यवस्था

ठाकुरजी के साथ होली खेलने के लिए गोविंददेव जी मंदिर में विशेष व्यवस्था की गई है। रविवार और सोमवार को ठाकुरजी रंग-बिरंगे परिधानों में दर्शन देंगे। सोमवार को भक्तों की भीड़ को देखते हुए विशेष व्यवस्था की गई है। वहीं, ताड़केश्वर महादेव, खोले के हनुमानजी, काले हनुमानजी, मोती डूंगरी गणेश मंदिर मे भी डीजे की धुन पर लोग थिरकेंगे।





फोटो: पंकज शर्मा

### रंगबाजी के लिए स्पेशल टी-शर्ट

एक ओर जहां रंग खेलने के बाद शाम को पहनने के लिए नए कपड़ों का बाजार सजा है, वहीं दूसरी ओर रंग खेलते समय पहने जाने वाले कपड़ों का बाजार भी सज गया है। इसके लिए सस्ती दरों पर 'बुरा न मानो होली है' या 'होली है' लिखी सफेद टीशर्ट बाजार में उपलब्ध हैं, जिनकी कीमत 100-120 रुपए है। इसके अलावा स्पेशल टोपी और तरह-तरह मास्क भी बाजार में उपलब्ध हैं।

### हुड़दंगियों से निपटने के लिए पुलिस रहेगी अर्लट

होली पर कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस टीमें शहर में अर्लट रहेंगी। पुलिस आयुक्त बीजू जार्ज जोसेफ के निर्देशन में सभा थाना क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात किया गया है। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिसबल भी तैनात किया गया है। साथ ही होली पर हुड़दंग करने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

### कल होगी अलग से पानी सप्लाई

वहीं, जलदाय विभाग की ओर से भी धुलंडी पर अतिरिक्त पेयजल व्यवस्था की जाएगी। शहर में एक घंटा अतिरिक्त पानी की सप्लाई की जाएगी।

### बालाजी मंदिर में फागोत्सव



*जयपुर। खोले के हनुमान मंदिर में शनिवार को फोगोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में कलाकारों ने दरबार में हाजिरी देकर बालाजी को रिझाया। इस दौरान जहां होली गीतों पर नृत्य किया, वहीं गुलाल और फूलों से होली खेली।* **-फोटो: राजेश कुमावत**

### परशुराम क्रिकेट लीग का शुभारंभ

## सनातनी युवाओं ने क्रिकेट में लगाए चौके और छक्के



बेधड़क। जयपुर

परशुराम खेल समिति की ओर से परशुराम क्रिकेट लीग का छठा संस्करण शुक्रवार से जेएलएन मार्ग स्थित जयपुरिया क्रिकेट एकेडमी में शुरू हुआ। इस अवसर पर ट्रॉफी का अनावरण भी किया गया। 31 मार्च तक चलने वाले इस टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा रहे। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि बीसीआर के पूर्व चेयरमैन सुशील शर्मा, एडवोकेट कर्नल राजेश शर्मा, दीक्षांत शर्मा, समिति के सदस्य कमल शर्मा, हेमन्त शर्मा, हरि किशन, गोपाल, राजकुमार, राजेश, देवेन्द्रज, निरंजन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। खेल समिति के चेयरमैन महेन्द्र शर्मा ने बताया कि इस बार ब्राह्मण युवाओं के साथ-साथ अन्य वर्ग (सनातनी) के युवाओं को भी अवसर दिया जा रहा है। प्रतियोगिता में करीब 32 टीमें भाग ले रही हैं। विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि खिलाडी अपनी प्रतिभा दिखाएं, इससे वे आईपीएल और अन्तरराष्ट्रीय मैचों में पहचान बना सकें। संयोजक राहुल शर्मा ने बताया कि विजेता टीम को 51 हजार रुपए और उप-विजेता टीम को 21 हजार रुपए की नकद राशि के साथ आकर्षक ट्रॉफी दी जाएगी।

SKIT
असतो मा सद्गमय
www.skit.ac.in

SWAMI KESHVANAND
INSTITUTE OF TECHNOLOGY, MANAGEMENT & GRAMOTHAN
Engineering Branches Accredited by NBA & IE
(I) Recognized by UGC under Section 2 (f) of the UGC act 1956, Approved by AICTE, New Delhi and affiliated to RTU, Kota


Swami Keshvanand
(1883-1972)

ACCREDITED WITH GRADE
A++
NAAC
CGPA 3.67/4.00

RANK NO. 1

First Rank
in Engineering Program For
7 CONSECUTIVE YEARS
by Rajasthan Technical University (RTU), Kota

Creating Winners for Life

Courses Offered
- B.Tech.
- M.Tech.
- MBA With Dual Specialization
- Ph.D




Record Placements
850+

Highest Package
47 LPA







Ramnagaria, Jagatpura, Jaipur-302017 (Rajasthan) | Phone No.: 0141-3500300 | E-mail: info@skit.ac.in

## जरूरी खबर

### विकेश खोलिया की घर वापसी से कार्यकर्ताओं में जोश



**चाकसू।** पूर्व उप राज्यमंत्री विकेश खोलिया की घर वापसी हो गईं हैं। कार्यकर्ता अभिनंदन गंगवाल व राजेश चौधरी ने बताया कि पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में विकेश खोलिया को राजस्थान अनुसूचित जाति आयोग में उप राजमंत्री का दर्जा मिला। उन्होंने विधानसभा चुनाव में पार्टी से टिकट न मिलने पर आरएलपी जोइन कर ली थी, लेकिन अब भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी और पार्टी नेतृत्व ने उनकी पुनः घर आपसी कराई है। इस होली के पर्व पर गिले-शिकवे दूर हुए और खोलिया फिर से भाजपा में शामिल होने पर कार्यकर्ताओ में उत्साह देखने को मिल रहा हैं।

### शिविर में तंबाकू सेवन के बताए दुष्परिणाम



चाकसू। कस्बे के उप जिला अस्पताल में शनिवार को मुख स्वास्थ्य दिवस मनाया। इसके साथ ही सप्ताहभर के कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया। इस दौरान मुख रोग और उनके बचाव की जानकारी दी गई। साथ ही तंबाकू के होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में समझाया गया। शिविर में तंबाकू का सेवन नहीं करने और इसके दुष्परिणामों के बारे में जागरूक कर लोगों ने शपथ ली। दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिलाषा अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में उपजिला अस्पताल प्रभारी डॉ. रितुराज मीणा, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. संगीता जागिड़, डेन्टल टेक्नेशियन डवकुश सांवरिया ने शिविर में सेवाएं दी।

### जीप को बस ने मारी टक्कर, महिला की मौत



**चाकसू।** इलाके के एनएच-52 स्थित चेची होटल के पास शनिवार को रोडवेज बस ने जीप को टक्कर मार दी। हादसे में एक महिला की मौत हो गई। वहीं आधा दर्जन लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि जीप में सवार लोग यारलीपुरा से अपने गांव लौट रहे थे। सभी लोग थूनी मदन मोहनपुरा कोटखावादा इलाके के रहने वाले हैं। हाईवे स्थित चेची होटल के पास पहुंचने पर रोडवेज बस ने साइड दबाते हुए जीप को टक्कर मार दी। हादसे में रामा देवी (55) पत्नी श्रवण मीणा बासड़ा की मृत्यु हो गई।

## जालोर में अनूठी परंपरा का लोग उठाते हैं आनंद, सज-धजकर बाराती बनते हैं शहरवासी

# होलिका दहन से पूर्व निकाली जाती है लोक देवता की बारात

**बेधड़क** | जालोर

होली का त्योंहार पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस पर्व का अपना एक अलग ही उत्साह रहता है। लोग होलिका दहन से पूर्व परंपरागत रूप से प्रहलाद की पूजा करते हैं और फिर होलिका दहन के समय परिक्रमा कर खुशहाली की कामना करते हैं।



राजस्थान के अलग-अलग इलाकों में होली पर कई तरह की प्रथाओं का प्रचलन है। होली पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाता है। हिंदू कैलेंडर के अनुसार इस बार 24 मार्च को फाल्गुन माह की पूर्णिमा तिथि को होलिका दहन किया जाएगा। इसके अगले दिन यानी चैत्र कृष्ण प्रतिपदा को धुलंडी पर्व मनाया जाएगा। धुलंडी से ही सोलह दिन चलने वाली गणगौर पूजा का भी शुभारंभ होगा। इसमें होलिका दहन की राख से गणगौर की प्रतिमा बनाई जाती है, जिसकी सुहागिन महिलाएं सोलह दिन तक पूजा करेंगी। प्रदेश में अलग-अलग जगहों पर होली पर्व पर कई तरह की परंपराओं का निर्वहन वर्षों से किया जाता रहा है। कहीं प्रहलाद की सवारी निकाली जाती है तो कहीं जुलूस निकाला जाता है। जालोर में लोक देवता की बारात निकलने की परंपरा है।

### इलोजी महाराज की निकलती है बारात

दरअसल, जालोर में एक अनोखी बारात निकालने की परंपरा पिछले कई वर्षों से आज भी कायम है। यहां इलोजी महाराज (आनंद भैरूजी) की यह बारात निकाली जाती है। इसमें शहरवासी सजधज कर बाराती के रूप में शामिल होते हैं। लेकिन, जब तक बारात होली चौक पहुंचती है उसके पहले ही होलिका दहन कर लिया जाता है। ऐसे में वह शादी अधूरी मानी जाती है।

### यूं होती है बारात की तैयारी

इस बारात में इलोजी महाराज (आनंद भैरू) के रूप में एक युवक को दुल्हा बनाया जाता है। दूल्हे को सजाकर घोड़ी पर बैठाया जाता है। शहरवासी साफा बांधकर बारात में शामिल होते हैं। ढोल व डीजे पर नाचते हुए यह बारात शहर के मुख्य इलाकों से होकर गुजरती है। दरअसल, इसके पीछे एक मान्यता जुड़ी है कि इलोजी लोक देवता हिरण्यकश्यप की बहन से प्रेम करते थे। एक तरफ तो शादी की तैयारी चल रही थी और दूसरी तरफ हिरण्यकश्यप अपने बेटे प्रहलाद को मारने की साजिश रच रहा था।

### बारात पहुंचने से पहले होलिका दहन

हिरण्यकश्यप की साजिश के तहत उसने प्रहलाद को मारने के लिए अपनी बहन होलिका की मदद ली। भाई के कहने पर होलिका अपने भतीजे प्रहलाद को जलाने के लिए उसे लेकर आग में बैठ गई, लेकिन भगवान विष्णु की कृपा से आग में होलिका जल गई और प्रहलाद बच गया। ऐसे में इलोजी महाराज को रास्ते में होलिका की मौत की खबर मिलती है। इसके बाद वह जाकर अपनी पत्नी का जला हुआ शरीर देखते हैं और फिर उसकी राख को अपने शरीर पर लगाकर पूरे जीवन शादी नहीं करते। इसी मान्यता को लेकर आज भी जालोर में यह बारात निकाली जाती है। जालोर में कई वर्षों से बारात की अनोखी परंपरा चलती आ रही है।

## कांग्रेस देहात के कार्यक्रम में भाजपा नेताओं पर कसा तंज

# चांदना ने कांग्रेस से जाने वाले नेताओं को कहा 'लिफाफा राम'

**बेधड़क** | कोटा

प्रदेश की पूर्ववर्ती कांग्रेस में मंत्री रहे अशोक चांदना ने शनिवार को कांग्रेस देहात के कार्यक्रम में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में जाने वाले नेताओं को लिफाफाराम बताया। उन्होंने दलबदलु नेताओं पर तंज कसते हुए कहा कि जो जितने जोश से भाजपा में जा रहा है समझ लो उसे उतना ही भारी लिफाफा मिला है। उन्होंने कहा कि कोटा में तो लोगों को धमकाने का दफ्तर ही खुल गया है।

यह कार्यक्रम प्रहलाद गुंजल के सम्मान में कोटा के कांग्रेस कार्यालय में शाम 4 बजे आयोजित किया गया। इस दौरान चांदना ने कहा कि कोटा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार की घोषणा होने के बाद कुछ लोग असंतोष जाहिर करेंगे। कांग्रेस पार्टी छोड़कर जाएंगे। अचानक मोदी की नीतियों से प्रभावित होंगे। ऐसे नेताओं व कार्यकर्ताओं की धड़कने बढ़ते ही आप लोग समझ जाना लिफाफे बंट गए हैं। वो जितनी ताकत से जाएंगे, उतना ही बड़ा लिफाफा बंटा है। जो कांग्रेस छोड़कर जाए, ऐसे लोगों का नाम लिफाफा राम रख देना। उनको नाम से नहीं बुलाना, उनको परमानेंट लिफाफा राम बोलना है। उन्होंने कांग्रेस के पूर्व नेताओं को निशाना साधते हुए कहा कि कई बार नेता चुनाव के समय दिन में तीन-चार घंटे विश्राम करते थे। कार्यकर्ताओं को लगता था कि उनकी इच्छा शक्ति नहीं है। हम वैसे ही दौड़ रहे हैं। कोटा बूंदी संसदीय क्षेत्र के कार्यकर्ता हताशा महसूस कर रहे थे। आज कार्यकर्ताओ में बहुत उत्साह देखने को मिल रहा है। कार्यकर्ताओं की दो-दो हाथ करने की इच्छा है। इस बार कांग्रेस पार्टी ऐसा उम्मीदवार देगी जो विपक्षी पार्टी का धुआं निकाल देगा। इस बार संघर्ष महाभीषण होगा। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि आज देश मे लोगों को तोड़ने का काम किया जा रहा है। कोटा में तो एक दफ्तर सेट हो गया जो लोगो धमका रहा है। ये मॉडल दिल्ली से चला आ रहा है। भाजपा की नीति दमनकारी है। उनके सामने जो भी नेता खड़े रहते हैं, उनको डराने का काम करते हैं। अब नेताओं को तय करना है कि कौन डरता है और कौन मजबूती से खड़ा रहता है।




### कार्यकर्ताओं की मेहनत सबसे बड़ी पूंजी: गुंजल

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रहलाद गुंजल ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल की सबसे बड़ी ताकत व पूंजी कार्यकर्ताओं की मेहनत है। उसके बदले कार्यकर्ता को सम्मान के अलावा कुछ नहीं चाहिए। मैंने इसको राजनीति में अपना स्वभाव बनाया है। उन्होंने कहा कि मेरे कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने के बाद हो सकता है कांग्रेस पार्टी मुझे कोटा-बूंदी लोकसभा से उम्मीदवार बना दें। हालांकि, यह निर्णय अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को करना है, लेकिन इस निर्णय की संभावना मात्र से वार्ड के निचले स्तर कार्यकर्ता स्पार्क है। उन्होंने कहा कि दुनिया में कीमत विश्वास की है। अगर यह विश्वास डोल गया तो फिर कुछ नहीं बचने वाला। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की आधारशिला और बुनियाद 140 करोड़ लोगों के विश्वास पर टिकी है। अगर सरकार के किसी भी प्रकार के आचरण से लोगों का विश्वास डोल गया तो लोकतंत्र चरमरा जाएगा। आज देश में इस प्रकार की स्थितियां बनती जा रही है।

### सांसद से असंतुष्ट है जनता

कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बातचीत में गुंजल ने कहा 10 साल से कोटा संसदीय क्षेत्र की जनता स्थानीय सांसद से असंतुष्ट है। वह बदलाव लाना चाहती है। तलवंडी की एक सभा में सांसद ने कहा था कि अगर मैं कोटा में एयरपोर्ट नहीं ला सका तो बिरला एयरलाइंस चला दूंगा। अगर वो भी चला नहीं पाया तो 2019 का चुनाव नहीं लड़ूंगा। अब तो 2019 भी निकल गया। 2024 का चुनाव लड़ रहे हैं। सांसद को अपने दिए हुए बयान की गंभीरता का ही अंदाजा नहीं रहता। वहीं कार्यकर्ताओं को लेकर गुंजल ने कहा कि कार्यकर्ता का विश्वास संगठन की प्राणवायु है। उन्होंने कहा कि अगर कार्यकर्ता के विश्वास टूटने की नौबत आ जाए तो मैं वहां तक जाने के तैयार रहता हूं, मैं खुद टूट जाऊं, लेकिन विश्वास नहीं टूटने दूंगा। गुंजल का चाल, चरित्र, चेहरा जो कल था, वह आज भी है और कल भी रहने वाला है। कार्यकर्ताओं के भरोसे को बचाने के लिए खुद दांव पर लग जाऊंगा, लेकिन कार्यकर्ता का भरोसा नहीं टूटने दूगा।

## शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान

# डेढ़ क्विंटल मिलावटी मावा और दो कट्टे सड़े हुए मटर नष्ट करवाए



**बेधड़क** | अजमेर

शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत होली पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए खाद्य सुरक्षा टीम ने मावा गली में कार्रवाई करते हुए डेढ़ क्विंटल मिलावटी दूषित मावा और एक क्विंटल एक्सपायरी फ्रोजन मटर पकड़ा। इसे मौके पर ही नष्ट कराया और जांच के लिए नमूने लिए।

सीएमएचओ डॉ. ज्योत्सना रंगा ने बताया कि टीम मोबाइल टेस्टिंग लैब के साथ मावा गली में पहुंची। यहां सभी विक्रेताओं के यहां मावे के नमूनों की जांच मौके पर की गई। इसमें मैसर्स गगन माली मावा भंडार के नमूने स्पॉट टेस्टिंग में अमानक पाए गए। गहनता से जांच करने पर डीप फ्रिज में संदिग्ध मावा लगभग 150 किलो प्लास्टिक के 3 कट्टों और लोहे के 2 पीपों में भरा हुआ रखा था, जो पुराना और दूषित पाया गया। विक्रेता से पूछताछ करने पर बीकानेर से मंगवाना बताया। डीप फ्रिज में ही फ्रोजन मटर के प्लास्टिक के कट्टे रखे हुए थे, जो फरवरी माह में एक्सपायर हो चुके थे। इनको खोल कर देखने पर मटर सड़ चुके थे। दूषित मावा एवं एक्सपायरी फ्रोजन मटर को नष्ट करवाया गया। मौके से मावा का एक नमूना लिया गया। मैसर्स मोहनलाल तुलसीराम, मैसर्स मुकेश मावा भंडार, मैसर्स सवाईभोज मावा भंडार से मावे का एक-एक नमूना एवं मैसर्स आशु स्वीट्स, नगरा से मलाई बर्फी का नमूना जांच के लिए लिया गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुशील चोटवानी,अजय मोयल, केसरीनंदन शर्मा,स्पॉट एनालिस्ट अरविंद कुमार और सहायक राजकुमार इंदौरिया शामिल रहे।

## शव को कुत्तों ने नोचा, राहगीरों ने पुलिस को दी सूचना

# हाईवे पर युवक की सिर कटी लाश मिली... फैली सनसनी

**बेधड़क** | भरतपुर

जिले में शनिवार सुबह हाईवे किनारे सिर कटी लाश मिलने से सनसनी फैल गई। राहगीरों ने बिना सिर का शव देखा तो मौके पर भीड़ जुट गई। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करके जानकारी जुटाई।

प्रथम दृष्टया किसी धारदार हथियार से हत्या करना प्रतीत हो रहा है। सिर और धड़ दोनों एक-दूसरे से काफी दूर पड़े मिले। पास ही में शराब की खाली शीशी भी बरामद हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घटना सेवर थाना क्षेत्र के राजकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज के सामने सेक्टर-13 की है। थाना प्रभारी अनिल जसोरिया ने बताया कि आगरा-जयपुर हाईवे पर युवक की सिर कटी लाश मिली है। मृतक की उम्र करीब 25 वर्ष आंकी जा रही है। उसकी गर्दन किसी धारदार हथियार से काटी गई है। कुत्तों ने भी सिर को नोचा है। मौके पर एफएसएल टीम बुलाकर सैंपल कलेक्ट करवाए गए हैं।



जानकारी के अनुसार शव के पास में शराब की खाली शीशी, खाली गिलास और सिगरेट का पैकेट मिला है। फिलहाल शव की पहचान नहीं हो सकी है। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का नजर आ रहा है। मृतक के पास किसी तरह का कागजात भी नहीं मिला है। उसकी शिनाख्तगी के प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही घटना की जांच की जा रही है।

## नकदी व जेवरात लेकर आरोपी फरार, महिला की हालत गंभीर

# शराबी ने वृद्ध महिला को किया लहूलुहान

**बेधड़क** | पाटन

निकटवर्ती ग्राम पंचायत बल्लुपुरा में एक शराबी युवक ने बुजुर्ग महिला के साथ घर से घुसकर मारपीट की और उसके कपड़े फाड़ दिए। महिला को गंभीर हालत में स्थानीय अस्पताल पहुंचाया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जयपुर रैफर कर दिया गया।

स्थानीय निवासी ओमप्रकाश गुप्ता पुत्र लख्मीचंद (69) ने पाटन थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। इसमें बताया कि 22 मार्च को शाम 5:30 बजे ओमप्रकाश की पत्नी सुलोचना देवी घर में अकेली थी। इस दौरान अमित कुमार धानका निवासी बल्लूपुरा ने घर में घुसकर सुलोचना देवी के साथ अभद्रता की और उसके कपड़े फाड दिए। आरोपी ने बुजुर्ग महिला के साथ मारपीट कर उसे लहूलुहान कर दिया। ओमप्रकाश ने आरोपी को इसके लिए टोका तो वह गुस्से में गाली-गलोच करने लगा। आरोपी अमित शराब के नशे में धुत था। उसने ओमप्रकाश को भी धक्का देकर गिरा दिया और मौके से भाग गया। ओमप्रकाश के शोर शोर मचाने पर गांव के लोग एकत्र हो गए। ओमप्रकाश ने बताया कि मेरे कुल्हे का ऑपरेशन हुआ है, मेरे धक्का लगने से कुल्हे पर चोट लगी है। बुजुर्ग महिला सुलोचना देवी को पाटन हॉस्पिटल में लाया गया तो यहाँ पर डॉक्टरों ने मना कर दिया कि इसकी हालात गंभीर है इनको नीमकाथाना लेकर जाना पड़ेगा। नीमकाथाना लेकर जाने पर डॉक्टरो ने जयपुर रैफर कर दिया। सुलोचना देवी को करीब रात 8 बजे जयपुर लेकर गए जंहा जयपुर एसएमएस हॉस्टिपल के आईसीयू वार्ड में एडमिट करवाया है। सुलोचना देवी की हालात काफी गंभीर है।

### महिला के गहने व पांच हजार रुपए लूटे

पीड़ित ओमप्रकाश ने बताया कि जब वह घर लौटा तो दुकान का सामान बिखरा हुआ था और गल्ले में करीब 5 हजार रुपए और सुलोचना देवी के कानों के सोने के आभूषण भी आरोपी अमिल लेकर भाग गया। आरोपी ने जाते समय पुलिस को सूचना देने पर पूरे परिवार को ही जान से मारने की धमकी दी। थानाधिकारी नेकी राम चौधरी ने बताया कि पीड़ित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी की तलाश जारी है। वही वृद्ध महिला एसएमएस हॉस्पिटल के ट्रोमा वार्ड में जिंदगी और मौत से संघर्ष कर रही है।

## कोचिंग सिटी में होली की झांकियों ने मन मोहा

# राम मंदिर, चंद्रयान-3 की खुशी के साथ ही झलका कोचिंग छात्रों का दर्द

**बेधड़क** | कोटा

कोचिंग सिटी में होली के मौके पर पिछले करीब 45 साल से अलग-अलग थीम पर झांकियां बनाई जाती है। इस बार भी बंगाली कारीगरों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक झांकियां सजाई हैं। इनको देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग उमड़ पड़े।

ये झांकियां होली के दो दिन पहले खोल दी जाती है, जिनको देखने के लिए बच्चों से लेकर हर आयु वर्ग के लोगों में खासा उत्साह रहता है। हर साल अलग-अलग थीम पर यह झांकियां बनाई जाती है।

इस बार कोटा में होली की झांकियों में राम मंदिर से लेकर चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर और कोचिंग छात्रों के सुसाइड तक को जीवंत किया गया है। इसके अलावा अशोक वाटिका में हुए मां सीता और भगवान हनुमान के संवाद को दिखाया गया है।



दूसरी तरफ एक झांकी में भगवान विष्णु के दशावतार को दिखाया गया है। नयापुरा की आदर्श होली संस्था की झांकी में इस बार कोचिंग स्टूडेंट्स के दर्द को बयां किया गया है। उन्होंने कोटा कोचिंग की झांकी के बारे में बताया कि आत्महत्या करने वाले बच्चों की क्या कहानी होती है। इस झांकी के जरिए कोटा के लोगों को सचेत किया गया है। इसमें बताया गया है कि कैसे उनके परिजन हंसी खुशी उन्हें यहां भेजते हैं और उसके बाद बच्चा पढ़ाई में पिछड़ने व अन्य कारणों से तनाव में चला जाता है। इसके बाद आत्महत्या के बाद विद्यार्थी का शव यहां से जाता है। आदर्श होली संस्था के संयोजक राकेश शर्मा राकू ने बताया कि कोटा से कई लोग राम मंदिर के दर्शन के लिए नहीं जा पा रहे हैं। इसलिए यहां राम मंदिर की प्रतिकृति बनाई गई है।

साथ ही चंद्रयान-3 की भी सुंदर झांकी यहां बनाई गई है। इसमें चंद्रमा की सफेद सतह को दर्शाने के लिए चूने और सीमेंट का इस्तेमाल किया गया है। साथ ही विक्रम और लैंडर हूबहू वैसे ही यहां खड़े किए गए हैं, क्योंकि चंद्रमा की दक्षिणी ध्रुव पर पहली बार किसी देश का झंडा लहराया है। ऐसे में हमने भी इस गौरवान्वित पल को झांकियों के जरिए दर्शाने की कोशिश की है।

### बंगाली कारीगरों ने झांकी को बनाया जीवंत

शारदा सरस्वती विकास समिति ने सिविल लाइंस में होली की झांकी बनाई है, जहां भगवान विष्णु के दशावतार को दिखाया गया है। यह झांकी आम जनता के लिए शुक्रवार रात को खोल दी गई। बड़ी संख्या में लोग इसे देखने के लिए रात के दौरान पहुंच रहे हैं। वहीं, इस झांकी को बनाने में करीब एक से डेढ़ माह का वक्त लगा है। विकास समिति के संयोजक शीतल प्रकाश मीणा श्याम ने बताया कि बंगाली कलाकारों को एक माह पहले ही यहां बुलाया जाता है। इसके पहले कोर कमेटी बैठकर तय कर लेती हैं कि किस थीम पर झांकी को बनाना है। हर साल अलग-अलग थीम पर होली की झांकी बनाई जाती है।

### भगवान विष्णु के दशावतार के दर्शन

शीतल प्रकाश मीणा ने बताया कि इस बार राम मंदिर को लेकर सभी लोग उत्साहित हैं, इसलिए भगवान विष्णु के दशावतार को प्रदर्शित किया गया है। इसमें मत्स्य, कूर्म, वराह, नरसिंह, वामन, परशुराम, राम, कृष्ण, बुद्ध और कल्कि अवतार शामिल है। वहीं, भगवान का काल्पनिक स्वरूप भी बनाया गया है। इसके साथ ही होली दहन के पहले भगवान खाटू श्याम का जागरण होगा और फिर होली दहन किया जाएगा। इस बार होलिका दहन के लिए गोकाष्ट का उपयोग किया जाएगा। राकेश शर्मा राकू ने बताया कि हर साल नई थीम पर वो झांकियां बनाते हैं। 45 साल से यह आयोजन हो रहा है। ऐसे में अब लोगों की डिमांड के अनुरुप लगातार कार्यक्रम को भव्य और बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। हमारे कार्यकर्ता दिल और दिमाग से थीम को डिजाइन करते हैं, जिसे हूबहू प्रदर्शित करने की कोशिश की जाती है।

### शैक्षणिक संस्थानों में रही होली की धूम, स्टूडेंट्स ने एक-दूसरे को रंग लगाकर दी शुभकामनाएं

## स्टूडेंट्स ने म्यूजिक बीट्स की ताल पर उड़ाया मस्ती का गुलाल

**बेधड़क** | जयपुर

शहर के शैक्षणिक संस्थानों में शनिवार को होली के रंगों की धूम रही। स्कूलों से लेकर कॉलेजों तक में स्टूडेंट्स ने रंग-गुलाल के साथ होली की मस्ती को साकार किया। राजस्थान बोर्ड की परीक्षाओं के दौरान परीक्षा केंद्रों तक पर स्टूडेंट्स की मस्ती देखने को मिली। कॉलेजों में छात्र-छात्राओं ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान म्यूजिक और स्पोर्ट्स का फ्यूजन भी जगह जगह देखने को मिला। स्टूडेंट्स ने म्यूजिक बीट्स पर थिरकते हुए मनोरंजक खेलों के साथ होली से पहले ही होली के उमंग को परवान चढ़ाया। जगतपुरा स्थित पोद्दार बिजनेस स्कूल में स्टूडेंट्स ने होली महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम में कॉलेज स्टूडेंट्स ने म्यूजिकल चेयर, बैलून फ्लाई समेत विभिन्न गेम्स में पार्टिसिपेट किया और विभिन्न गानों पर डांस परफॉर्मेंस दिए। इस अवसर पर स्टूडेंट्स ने अपने द्वारा बनाए गए हर्बल कलर भी स्टॉल्स पर प्रस्तुत किए और अपने ही बनाए कलर्स से एक दूसरे को रंगा। कॉलेज समूह की वाइस चेयरपर्सन रूपल पोद्दार ने स्टूडेंट्स के बनाए गए हर्बल कलर की तारीफ की एवं सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की।





### चटखारों के साथ लिया होली का आनंद

सीतापुरा स्थित एनएवी इंडिया में रंगोली महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न एक्टिविटीज का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न कार्मिकों ने डिशेज तैयार की। जजेस ने बेस्ट डिशेज का चयन कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। संस्था के एमडी अनिल अग्रवाल ने बताया कि होली महोत्सव सबको साथ लाने का एक पर्व है, सभी रंग मिलकर एकजुटता का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि हर साल ये पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।

## Yuva स्टोरीज

### कार्यशाला में हुई टीचर्स की कैपेसिटी बिल्डिंग



**बेधड़क** | जयपुर

मालवीय कॉन्वेंट स्कूल में सीबीएसई की ओर से दो दिवसीय कार्यशाला 'कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम' का आयोजन शनिवार को किया गया। इसमें विभिन्न स्कूलों के पचास से अधिक शिक्षकों ने हिस्सा लिया और कार्यशाला का लाभ उठाया। एक्सपर्ट के रूप में शिखा जैन और इंदर प्रताप सिंह ने कार्यशाला को संबोधित किया। कार्यशाला में अंग्रेजी विषय में ऑब्जेक्टिव एवं सब्जेक्टिव समेत विभिन्न सेगमेंट के प्रश्नों को हल करने के बेहतर तरीकों पर चर्चा हुई और टीचिंग सुधारने पर टिप्स दिए गए। स्कूल की प्रिंसिपल श्वेतिका कपूर ने कार्यशाला में आए सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं इसे सीबीएसई की एक बेहतर पहल बताया।

### रामलीला व नुक्कड़ नाटक से सरल बनेगी संस्कृत



**जयपुर।** भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की भारतीय भाषा समिति और जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में सरल मानक संस्कृत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के संयोजक डॉ. शशि कुमार शर्मा ने बताया कि संस्कृत को सरल रूप में परिणत करने के लिए संस्कृत में रामलीला, नुक्कड़ नाटक करने की हमारी रूपरेखा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राम सेवक दुबे ने कहा कि सामान्य संस्कृत बोलना ही गंभीर संस्कृत का क्रम है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल परिसर के निदेशक प्रो. रमाकांत पाण्डेय, डॉ. माता प्रसाद शर्मा, लाल बहादुर शास्त्री संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली प्रो. सुजाता त्रिपाठी, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर परिसर व्याकरण विभाग से डॉ. किरण खींची, डॉ. आशुतोष पारीक आदि ने सरल मानक संस्कृत विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। सह संयोजिका डा. मधुबाला शर्मा ने मंच संचालन किया। धन्यवाद ज्ञापन डा. विनोद कुमार शर्मा ने किया। इस अवसर पर इन्द्रेश दुबे भी उपस्थित रहे।

### स्टूडेंट्स बने कराटे बेल्ट होल्डर



**बेधड़क** | जयपुर

जगदंबा नगर स्थित बीबीएमए मार्शल आर्ट अकादमी मे 50 बच्चों का कराटे का बेल्ट एग्जाम हुआ। बच्चों को बेसिक एक्सरसाइज व एडवांस तकनीक का बेल्ट एग्जाम हुआ व इस एग्जाम मे येलो बेल्ट से लेकर ब्राउन 2 डिग्री तक फिजिकल और रिटेन टेस्ट लिया गया। मित्सुया काई एसोसिएशन ऑफ़ राजस्थान के चीफ एग्जामिनर शिहान हेमंत कुमार व उनकी सहायक टीम सेंदाई रोहिताश मीणा, नवरतन चौधरी, सेम्पई खुशहाल कुमार द्वारा बेल्ट एग्जाम लिया गया। अकादमी के मुख्य कोच सेन्सई बबलू सिंह ने बच्चों का बेल्ट एग्जाम के लिये सभी बच्चों का बेहतरीन तैयारी करा कर एग्जाम के लिए तैयार किया। एग्जाम से पूर्व कोच बबलू सिंह व बच्चों ने शिहान हेमंत कुमार और उनकी टीम का स्वागत किया गया। इस एग्जाम मे बच्चों ने 6 येलो बेल्ट, 17 ऑरेंज बेल्ट, 2 ग्रीन बेल्ट, 4 ब्लू बेल्ट, 7 पर्पल बेल्ट व 14 ब्राउन बेल्ट हासिल की।

### ICAI जारी करेगा विजन डॉक्यूमेंट

## टेक्नोलॉजी और स्किल्स से लैस होंगे नई पीढ़ी के सीए




**बेधड़क** | जयपुर

आईसीएआई 1 जुलाई 2024 को अपना विजन डॉक्यूमेंट 2049 जारी करेगा, जिसमें हमारे देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने में सीए और अकाउंटेंसी पेशे की भूमिका को रेखांकित किया जाएगा। आईसीएआई ने अनुसंधान, नवाचार और कौशल निर्माण को बढ़ावा देने के लिए अगले 3 वर्षों में देश भर में 9 और सीओई खोलने की योजना बनाई है।

आईसीएआई ने अपने गठन के 75 साल पूरे होने का जश्न मनाते हुए जयपुर स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में दो दिवसीय बैठक की मेजबानी की, जिसमें आईसीएआई के पूर्व प्रेसिडेंट और सेंट्रल काउंसिल सदस्यों ने 'विकसित भारत@2047' में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में चर्चा की। साथ ही पेशे के लिए अगले 25 वर्षों के लिए एक रोडमैप की रूपरेखा तैयार की गई।

आईसीएआई की ओर से लाए जाने वाले विजन डॉक्यूमेंट में विद्यार्थियों और सदस्यों के विकास, नियामक और रिपोर्टिंग तंत्र को मजबूत करने, एआई जैसी नए युग की तकनीकी प्रगति को अपनाने और विकास में सीए के योगदान, देश में सस्टेनेबल इकोसिस्टम को बढ़ावा देने, अकाउंटिंग, एश्योरेंस, टैक्सेशन, फाइनेंस, टेक्नोलॉजी और बिजनेस सलाहकार सेवाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान अध्ययनों को मजबूत करने जैसे पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।




### स्थापित होंगे 9 नए एक्सीलेंस सेंटर

सीए सदस्यों, छात्रों और कर्मचारियों के फायदे के लिए तकनीकी प्रगति का लाभ उठाने पहली बार आईसीएआई ने 'आईसीएआई में एआई' पर एक समिति का गठन किया है, जिसका उद्देश्य पेशेवर विकास और परिचालन दक्षता के लिए एआई की क्षमता का दोहन करना है। तकनीकी प्रगति के अलावा, आईसीएआई ने देश के टिकाऊ पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने पर जोर दिया है। इसके अतिरिक्त, आईसीएआई ने पूरे भारत में अपने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) नेटवर्क के लिए अपनी विस्तार योजनाओं की घोषणा की। हैदराबाद और जयपुर में मौजूदा सीओई के साथ आईसीएआई का लक्ष्य अगले 3 वर्षों में पूरे भारत में 9 और अतिरिक्त सीओई स्थापित करना है। यह देश भर में लेखांकन पेशेवरों के लिए उन्नत शिक्षण, अनुसंधान और विकास के अवसरों को बढ़ावा देगा।

### चार्टर्ड एकाउंटेंट्स के कौशल विकास पर फोकस

इस अवसर पर आईसीएआई के प्रेसिडेंट सीए रणजीत कुमार अग्रवाल सीए रणजीत कुमार अग्रवाल ने कहा कि हम आईसीएआई के भविष्य को लेकर उत्साहित हैं क्योंकि हम 75 साल की उत्कृष्टता का जश्न मना रहे हैं और अपने शताब्दी वर्ष के ऐतिहासिक पड़ाव की प्रतीक्षा कर रहे हैं। जयपुर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में हमारी रणनीतिक बैठक 'विकसित भारत@2047 और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की भूमिका' पर केंद्रित थी, जो भारत के वित्तीय परिदृश्य को आकार देने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को उजागर करती है। हमारा आगामी विजन डॉक्यूमेंट-2049 हमारे सदस्यों को सशक्त बनाने और एक हरित, अधिक टिकाऊ वित्तीय क्षेत्र में योगदान करने के लिए अगले 25 वर्षों का मार्ग प्रशस्त करेगा। यह पहल सीए की अगली पीढ़ी को आवश्यक प्रौद्योगिकी और कौशल से लैस करेगी।

### एसकेआईटी में कार्यशाला सम्पन्न

## छात्रों ने समझी वर्चुअल लैब की कार्यप्रणाली



**बेधड़क** | जयपुर

स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एंड ग्रामोत्थान में भौतिकी विभाग की ओर से वर्चुअल फिजिक्स लैब विषय पर तीन दिवसीय छात्र कार्यशाला का शनिवार को समापन हुआ। इस कार्यशाला के विभिन्न सत्रों में भौतिकी विभाग के एसोसिएट प्रो. राजीव कुमार और पवन कुमार जैन ने अपने व्याख्यान से प्रतिभागियों को लाभान्वित किया।

उन्होंने छात्रों को वर्चुअल लैब की कार्य प्रणाली के बारे में समझा कर, उस पर प्रयोग करना सिखाया। उन्होंने बताया कि वर्चुअल लैब का लाभ अंडर ग्रेजुएट स्तर के छात्रों से लेकर रिसर्च स्कॉलर तक उठा सकते हैं। विभागाध्यक्ष प्रो. ब्रजराज शर्मा ने भी वर्चुअल लैब का महत्व समझाते हुए बताया कि भारत सरकार के राष्ट्रीय शिक्षा मिशन के तहत मानव संसाधन विकास मंत्रालय की खास पहल, वर्चुअल लैब को इनफॉरमेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी के माध्यम से शुरू किया गया है। इस पहल का प्रमुख उद्देश्य देश के साइंस और इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स को विभिन्न स्ट्रीम्स से संबंधित लैबोरेट्रीज में रिमोट एक्सेस मुहैया करवाना है। कार्यशाला में 400 से अधिक छात्रों ने भाग लिया।

## आठ महीने में मनाए जाएंगे नौ मुख्य दिवस

**बेधड़क** | अजमेर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा मिशन लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरमेंट के तहत अजमेर सहित देश भर में संबद्ध स्कूलों के स्टूडेंट्स को पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूक करने के लिए 8 महीने में 9 मुख्य दिवसों पर विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। इनकी लिस्ट सीबीएसई ने जारी की है। सीबीएसई ने मार्च से अक्टूबर 2024 तक का विस्तृत शेड्यूल तैयार किया है। इसके तहत मार्च में विश्व वन दिवस और विश्व जल दिवस के तहत आयोजन करने के लिए कहा है। इसके साथ ही 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस, 22 मई को जैव विविधता दिवस के अवसर पर आयोजन होंगे। 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस, 26 जुलाई को कंजर्वेशन ऑफ द मेंग्रोव इको सिस्टम, 28 जुलाई को वर्ल्ड नेचर कंजर्वेशन डे और 14 अक्टूबर इंटरनेशनल डे फार नेचुरल डिजास्टर रिडक्शन और इंटरनेशनल ई वेस्ट डे के आयोजन होंगे। इन अवसरों पर ऑनलाइन व ऑफलाइन एक्टिविटीज की जा सकती हैं। सीबीएसई के डायरेक्टर एकेडमिक डॉ. जोसेफ एमानुएल ने कहा कि स्कूलों के लिए मिशन 'शून्य फॉर एनवायरमेंट' के नाम से एक संक्षिप्त हैंडबुक लॉच की जाएगी। यह हैंड बुक सीबीएसई की वेबसाइट पर ही उपलब्ध कराई जाएगी।

### प्रेजेन्टेशन | महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज में व्याख्यान

## अब बिना ओपन हार्ट सर्जरी होगा वॉल्व का इलाज

**बेधड़क** | जयपुर

सीतापुरा स्थित महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइन्सेज एण्ड टैक्नोलोजी में शनिवार को एसएमएस मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसीपल डॉ. जी सी शर्मा की स्मृति में सुप्रसिद्ध कार्डियोलोजिस्ट डॉ. समीन शर्मा ने व्याख्यान दिया।

वे 'अपडेट इन दि ट्रांस कैथेटर स्ट्रक्चरल हार्ट इंटरवेंशन' विषयक ऑरेशन में मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आजकल अमेरिका में वाल्व के ओपन हार्ट ऑपरेशनों की संख्या घट रही है। नई इंटरवेशनल तकनीक के जरिये माइट्रल, ट्राइकस्पिड, एओर्टिक तथा पल्मोनिक वाल्व की खराबी को टावी, टार प्रोसिजर्स के द्वारा बिना सीना खोले पांव की नस के जरिए कैथेटर डालकर ठीक किया जा रहा है।

इसके लिए ट्रांस कैथेटर कार्डियक इंटरवेंशन तकनीक काम में ली जा रही है। अमेरिका में ज्यादातर मामलों में हार्ट सर्जरी की बजाय इस तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है। इससे रोगी को बड़े चीरे, रक्त स्राव, अस्पताल में कई दिन तक रहने जैसी समस्याओं से बचाया जा रहा है। यह तकनीक अभी महंगी है किन्तु आने वाले वर्षों में भारत में भी इसका खर्च कम हो जाएगा।

यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन डॉ. विकास चन्द्र स्वर्णकार ने कहा कि महात्मा गांधी अस्पताल में ट्रांस कैथेटर इंटरवेशन प्रोसीजर्स किये जा रहे हैं।

जल्द ही यहां रोबोटिक सर्जरी, साइबर नाइफ, नई लीनियर एक्सीलरेटर तथा पैट स्कैन मशीनें स्थापित की जा रही हैं। कार्यक्रम में शामिल लोगों में प्रेसीडेंट डॉ. अचल गुलाटी, डॉ. विनय कपूर, डॉ. सुधीर सचदेव, डॉ एन डी सोनी, डॉ. नरेन्द्र पडियार, डॉ. हेमन्त मल्होत्रा, डॉ. एस एस जैसवाल, डॉ. राजगोविन्द शर्मा, डॉ. ए के शर्मा, डॉ. राजीव गुप्ता, डॉ. एम ए चिश्ती, डॉ. हर्षवर्धन, डॉ. दीपेश अग्रवाल, डॉ. राजीव शर्मा, डॉ. रामानंद सिन्हा, डॉ. एस के शर्मा, डॉ. शैलेन्द्र शर्मा आदि प्रमुख थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में चिकित्सकों तथा स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया।



### डॉ. जीसी शर्मा की मूर्ति का हुआ अनावरण

यूनिवर्सिटी के संस्थापक चेयरमैन डॉ. एम एल स्वर्णकार ने बताया कि स्व. डॉ. जी सी शर्मा एक बहुत अच्छे हार्ट सर्जन, कुशल प्रशासक तथा संवेदनशील चिकित्सक थे। उनकी स्मृति में हर वर्ष इस तरह का व्याख्यान आयोजित किया जाएगा जिसमें देश-विदेश के विख्यात डॉक्टर्स सम्बोधित करेंगे। महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज के मुख्य ब्लॉक में स्व. डॉ. जी सी शर्मा की मूर्ति का अनावरण डॉ. समीन शर्मा, स्वामी ब्रह्मपरानंद जी महाराज, आचार्य डॉ. दयानन्द भार्गव तथा रूकमणी देवी ने किया। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर रतन देवी वर्मा की स्मृति में बनाए गए ब्लॉक तथा उनकी मूर्ति का अनावरण भी किया गया। इसमें वीरेन्द्र सिंह वर्मा, मीना स्वर्णकार, आर आर सोनी, प्रभात वर्मा, रवीन्द्र कुमार वर्मा, योगेन्द्र वर्मा, हरमन स्वर्णकार, जयाश्री स्वर्णकार, डॉ. शोभित स्वर्णकार तथा मंजु शर्मा भी मौजूद रहे।




**पंकज ओझा**
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी


**शाश्वत सनातन**


*एक ऐसा मंदिर जहां पर शिवरात्रि पर गर्भग्रह में स्थित शिवलिंग का अभिषेक सूरज की पहली किरण करती है। हर दिन पट खोलते ही शिव के चरणों पर गुलाब का फूल चढ़ा हुआ मिलता है। ऐसी ही कई विशेषताओं को समेटे यह मंदिर है मध्य प्रदेश के विदिशा के उदयपुर गांव स्थित नीलकंठेश्वर महादेव का मंदिर। ऐसी मान्यता है कि परमार राजवंश के शासक शिव के उपासक रहे थे, जो आज भी हर रात को यहां आकर महादेव की पूजा करने के साथ ही उन्हें कमल का फूल अर्पण करते हैं, जो सुबह पट खोलने पर मिलता है।*

### विदिशा के उदयपुर गांव स्थित नीलकंठेश्वर मंदिर में सूर्य की पहली किरण करती है अभिषेक

# पट खुलते ही शिवलिंग पर चढ़ा मिलता है फूल

देश के दिल मध्य प्रदेश में कई ऐतिहासिक और प्राचीन धर्मस्थल मौजूद हैं। कुछ पुरातत्व विभाग के अंतर्गत आते हैं तो वहीं कुछ गुमनामी की चादर ओढ़े हुए हैं। ऐसा ही एक प्राचीन मंदिर मध्य प्रदेश के विदिशा जिले में मौजूद है। विदिशा की गंज बासौदा तहसील के रेलवे स्टेशन से मात्र 22 किमी की दूरी पर उदयपुर गांव स्थित नीलकंठेश्वर मंदिर अपने में आप कई कहानियां संजोए हुए है। मान्यता के अनुसार, सुबह मंदिर के पट खुलते ही शिवलिंग पर फूल चढ़ा मिलता है। यह पुष्प कौन चढ़ाता है, आज भी यह एक रहस्य बना हुआ है। इसके पीछे स्थानीय लोगों द्वारा कई तरह की बातें सामने निकलकर आती रहती है। राजा उदयादित्य की नगरी में उदयपुर अब महज एक छोटी सी जगह में सिमट कर रह गई है। यहां महाशिवरात्रि पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शन के लिए उमड़ती है।





### भोजपुर महादेव मंदिर से मेल खाती है बनावट

बेजोड़ शिल्प के प्रतीक नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर की बनावट भोपाल के पास स्थित भोजपुर महादेव मंदिर से पूरी तरह मेल खाती है। इसका ढांचा बहुत अलग और खुद में अनोखा है. उदयपुर में यह बाबा विश्वनाथ नीलकंठेश्वर के नाम से विराजे हैं। परमार राजवंश के शासक शिव के उपासक रहे और उन्होंने अपने ढाई-तीन सौ साल के राज में अनगिनत मंदिर, पाठशालाएं और छात्रावास बनवाएं, कहा जाता है कि वह हर रात को यहां आकर महादेव की पूजा करने के साथ ही, उन्हें कमल का फूल अर्पण करते है। लोगों का कहना है कि जब सुबह मंदिर के पट खोले जाते है तो महादेव के चरणों में फूल चढ़ा मिलता है, जबकि आश्चर्य की बात यह है कि मंदिर में रात को प्रवेश पूरी तरह से वर्जित रहता है।



### एक व्यक्ति ने एक ही रात में बनाया मंदिर

नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर से जुड़ी एक अन्य मान्यता के अनुसार इस मंदिर को एक ही व्यक्ति द्वारा रातों-रात बनाकर तैयार किया गया है। कहा जाता है कि उस व्यक्ति ने मंदिर को बनाकर पूरा भी कर दिया था और मंदिर की चोटी से उतरकर वापस नीचे आ गया था, लेकिन उसका झोला ऊपर रह गया। उसे लेने वह ऊपर चढ़ा। वह नीचे उतरता इतने में ही मुर्गे ने बांग दे दी और वह व्यक्ति वहीं रह गया। मंदिर के शिखर पर अभी भी व्यक्ति का आकार देखा जा सकता है।



### पीतल का आवरण चढ़ा है शिवलिंग पर

शिवलिंग पर पीतल का आवरण चढ़ा हुआ है जो केवल शिवरात्रि के दिन ही उतारा जाता है। वर्तमान में भगवान शिव की पूजा-अर्चना मंदिर में की जाती है। मंदिर की बाहरी दीवार पर विभिन्न देवी-देवताओं की मूर्तियां पत्थरों पर उकेरी गई हैं। अधिकांश मूर्तियां भगवान शिव के विभिन्न रूपों से सुसज्जित हैं। महत्वपूर्ण मूर्ति शिल्प में भगवान गणेश, भगवान शिव की नृत्य में रत नटराज, महिषासुर मर्दिनी, कार्तिकेय आदि की मूर्तियां हैं। इनके अतिरिक्त स्त्री सौंदर्य को प्रदर्शित करती मूर्तियां भी हैं।

### राजा उदयादित्य परमार ने बनवाया था मंदिर

यह मंदिर परमार राजपूत वंश के महान राजा भोज परमार के भतीजे राजा उदयादित्य परमार के द्वारा निर्मित है। इसका निर्माण 1059 से 1080 के बीच में हुआ था। मंदिर की प्रत्येक कला में भिन्नता है, कोई भी कला एक जैसी नहीं है। मुख्य मंदिर मध्य में निर्मित किया गया है और उसमें प्रवेश के 3 द्वार हैं। गर्भगृह में शिवलिंग स्थापित हैं, जिसमें सिर्फ शिवरात्रि के दिन ही उगते हुए सूरज की किरणें पड़ती हैं।

**शब्दों की सीख**

# होली के संग... बिखरे खुशियों के रंग




**डोली शाह**
हैलाकंदी, असम


सोनू अपनी छोटी बच्ची को स्पर्श कर अवाक रह गया- यह क्या, इतना ताप ! कल तो पूरी ठीक ही सोई थी! एक स्पर्श करते हुए पिता राजेश ने कहा- अभी मौसम बदल रहा है, शायद इसलिए...। दोनों कार लेकर डॉक्टर के चैंबर तक पहुंचे। नेहा का ताप देख सोनी बहुत परेशान थी, वह बच्ची का सिर गोद में रख डॉक्टर साहब का इंतजार करती रही। डॉक्टर साहब के आते ही उसने फौरन जांच कराई। दवाइयों की पर्ची लेकर निकल ही रही थी कि एक मटमैली कमीज, बदरंग पजामा और गले में एक गमछा देख यह कोई जाना-पहचाना सा लगा। कुछ समय तो वह टकटकी लगाए देखती रही, फिर... प्रणाम चाचा जी! उसके मुंह से अचानक निकला।

'प्रणाम, लेकिन बेटा मैंने तुम्हें पहचाना नहीं!'

'क्या आप माधुरी के बाबूजी हैं?'

'हां बेटा, वह हमारी बेटी है, क्या तुम उसे जानती हो?'

'हां चाचा जी, 12वीं तक हमने साथ ही पढ़ाई की थी'

'क्या हुआ है आपको, अकेले आए हैं। जहां तक मुझे याद है माधुरी के दो भाई भी थे।'

'हां बेटा, मेरे दो बेटे हैं। दोनों परदेस में अपनी-अपनी दुनिया में व्यस्त हैं। किसी को मेरी खबर तक लेने की फुर्सत नहीं है।'

'हां चाचा जी आजकल हर कोई इतना व्यस्त हो चुका है कि.... चाचा जी वैसे माधुरी कैसी है, कहां शादी हुई उसकी?'

'ठीक ही है, इंदौर के किसी नामी-गिरामी सीमेंट उद्योग के मैनेजर के साथ है।' उनका रुखा सा जवाब था

'आती नहीं वह...'

'हमने बुलाया ही नहीं कभी ....'

'मगर चाचा जी ...'

'उसे परिवार की इज्जत से ज्यादा प्यारा एक उद्योगपति लगने लगा था। उसने पढ़ाई के दौरान ही उसके साथ विवाह कर लिया। हमने उसे बहुत समझाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं मानी। मां की मृत्यु के वक्त उसने घर वापसी की कोशिश की, लेकिन अपनी प्रतिष्ठा देख उसे हमने न बुलाना ही सही समझा।

'पर चाचा जी क्या आपके पास उसका कोई फोन नंबर वगैरह है।'

वे मोबाइल आगे करते हुए बोले, 'निकाल लो मुझे तो दिखता नहीं ।'

'चाचा जी आपको आंखों में भी दिक्कत है तो यहां अकेला आना सही नहीं है।'

'हां बेटा, कल पड़ोस के एक बच्चे को साथ लाया था लेकिन हर दिन किसको...'

'आपकी बात तो सही है, आप अकेले हैं तो भैया लोगों के पास क्यों नहीं चले जाते?'

'बेटा गया था, लेकिन उस चार फुट के कमरे में मेरा दम घुटता है। मेरा मानना है चार दिन की जिन्दगी खाऊं, न खाऊं, लेकिन चिक-चिक से दूर रहूं।'

'चाचाजी....भैया ने दूसरी जाति में विवाह किया तो उन्हें घर आने की अनुमति है, लेकिन माधुरी को नहीं ,आखिर क्यों? क्या आपका मन नहीं करता कि आप उसे देखें!'

'बेटा मन करता है लेकिन....'

'क्या लेकिन चाचा जी, जब भैया आ सकते हैं तो माधुरी क्यों नहीं, इसलिए कि वो बेटी है? कभी मन नहीं होता जानने का कि वो कैसी है। किस हाल में है?'

'मन करता है बेटा, लेकिन उस वक्त मैं मजबूर था और अब....'

बातें करते-करते दोनों एक साथ घर को निकल गए। बाबूजी घर तो जरूर आ गए, लेकिन मन-मस्तिष्क में सोनी की बातें कचोटती रही। पूरा जीवन बराबरी का पाठ पढ़ाने वाले का अपने ही घर में इतना दोहरा व्यवहार? कुछ हद तक तो समय को दोषी ठहराते लेकिन मैं! मैंने एक पिता बनकर क्या किया? समाज में वैसी इज्जत का क्या जो अपनों की नजरों में ही गिरकर मिले।

'सोनी ने घर पहुंच कर अपने कामों से निवृत्त हो कर माधुरी को फोन लगाया।

माधुरी (अवाक भरे शब्दों में) कौन?'

'अरे, मैं सोनी बोल रही हूं।'

'कैसे याद आई मेरी!'

'नहीं, उस दिन तेरे बाबूजी मिले थे तो उनसे ही तेरी जानकारी मिली।'

'कैसे हैं वह?', माधुरी ने पूछा।

'ठीक नहीं है यार, तुझे मिलने का मन नहीं करता।'

'यार मन का क्या है,ब्याह के बाद आज तक मैं मायके कभी नहीं गई ।'

'मुझे पता है, लेकिन अब आजा... एक बेटी होने का सही फर्ज निभा... और बाबूजी की हालत भी सही नहीं है। एक बार आकर मिल ले ।'

'मगर सोनी कैसे ! "

'मुझे तो मां के मरने पर भी घर आने की अनुमति नहीं मिली थी।'

'कोई बात नहीं, सब पर मिट्टी डालकर तू फौरन अपने भोले-भाले पिता के पास आ जा।' कहकर उसने फोन काट दिया। फोन रखने ही जा रही थी कि बाबूजी के नंबर से घंटी देखकर चौंक गई। आश्चर्य और खुशी भरे शब्दों में बोली- बाबूजी, आप...?

'हां बेटा, तेरे जीवन का कलंक , गुनहगार तेरा बाबूजी...'

'बाबूजी ऐसे क्यों बोल रहे हैं। कुछ भी हो, आप हो तो मेरे पिता ही...इसमें तो कोई दो राय नहीं ....'

'बेटा! वह किस काम का पिता, जिसने चंद खुशी के लिए अपनी औलाद को ही भुला दिया।' खुशियों के हिलोर लगाती सारे गमों को भुलाकर वात्सल्य प्रेम में डूबी माधुरी घंटो बातें करती रही। उद्योगपति के घर आते ही माधुरी ने अपनी सारी खुशियां व्यक्त की। उनसे फौरन मिलने की इच्छा दिखाई।

वर्षों के बाद माधुरी की खुशी देख उद्योगपति भी फौरन जाने को तैयार हो गए। अगले सप्ताह की टिकट भी बुक कर ली। बाबूजी ने दोनों बच्चों श्याम और राम को माधुरी के आने की सूचना दी। माधुरी ने भी अपने साथ मां के लिए एक साड़ी और पिता की हर जरूरत की चीजे ले ली। दरवाजे पर दोनों को सामने देख बाबूजी किंकर्त्तव्यविमूढ़ की स्थिति छल छलाई आंखें, गला रुंधा देख वह भी भागकर बाबूजी के गले जा लगी। दोनों के खुशी भरे आंसू देख उद्योगपति दूर खड़े आनंद विभोर हो रहे थे।

कुछ समय पश्चात ही माधुरी मिठाई का पोटला, लाई हुई वस्तुएं तथा मां की साड़ी समझाते हुए बोलीं- 'बाबूजी यह सब आपके लिए है'

स्पर्श के साथ मुस्कुराते हुए बाबूजी बोल बेटा यह सब किसके लिए और यह साड़ी।'

'हां बाबूजी, मैंने अपनी पहली साड़ी के साथ मां के लिए भी एक साड़ी खरीदी थी, जो आज तक मेरे पास उनकी अमानत, उनकी याद बनकर रही... अब यह आपकी जिम्मेदारी...।'

माधुरी की भावनाएं देख बाबूजी गुहार लगा रहे थे। मुझे माफ कर देना बेटा, मैं तुम्हारा गुनहगार हूं , लेकिन हां पन्द्रह दिनों बाद ही होलिका दहन है। मैं चाहता हूं कि तुम दोनों तब तक यहीं रहो, जिससे मुझे इस दहन के साथ ही अपनी गलतियों का प्रायश्चित करने का अवसर मिले। बस बाबूजी बस.... भूल जाइए सब कुछ ....।' उसी समय दोनों भाई भी आ गए। इतने दिनों बाद तीनों-बहन भाइयों के आगमन से पूरा घर संगीत की सरगम में डूब चुका था। एक तरफ श्याम कभी माधुरी को अपने पास बिठाता, तो कभी राम अपनी बगल में। कभी पिता गोद में बैठाते। बच्चों की किलकारियां देख बाबूजी खुश तो बहुत थे, लेकिन उनके चेहरे पर फिर भी एक शिकन तो जरूर थी। उद्योगपति भी पहली बार इस खुशी का अनुभव कर मानो गंगा में डुबकी लगा रहे थे ।

देखते-देखते सप्ताह बीत गया। राम के जाने का दिन भी करीब आ गया। इतने में बाबूजी कहने लगे 'बेटा! अगले सप्ताह ही आए थे और एक सप्ताह रुक जाते तो होली यादगार बन जाती।' राम भी सोच में पड़ गया।

एक साथ सब को चाय की चुस्कियां लेते देख माधुरी कहने लगी- इस खुशी के लिए हमें सोनी को एक बार जरूर शुक्रिया अदा करना चाहिए। उसके कारण ही आज हम सब यहां एक साथ हैं।'

'हां बेटी, क्यों ना होली के दिन उसे भी सपरिवार निमंत्रित किया जाए।' बाबूजी ने इच्छा जाहिर की।

'अरे! वही सोनी ना, जिसने तुझे दौड़ते हुए धक्का देकर गिरा दिया था।' श्याम के यह कहते ही सभी खिल खिलाकर जोर से हंस पड़े। अगले दिन ही बाबूजी बाजार से रंगों से भरा थैला उठा लाए। साथ ही पांच पिचकारियां भी। श्याम अवाक शब्दों में बोला - 'बाबूजी इतनी पिचकारियां.... मगर क्यों! अब हम बड़े हो गए हैं, पिचकारियों कौन खेलेगा।'

'बेटा! कितने भी बड़े हो जाओ मेरे लिए तो बच्चे ही रहोगे। मैं शुरू से ही पांच पिचकारियां खरीदता था। हर एक के हाथों में रंगो से भरी पिचकारियां देख तुम्हारी मां बहुत खुश होती थी। वहीं दिन मैं पुनः दोहराना चाहता हूं, जाने यमराज कब मुझे अपने पास बुला ले।'

'बाबूजी ऐसा ना बोलिए। अब आप यहां अकेले नहीं रहेंगे। हमारे साथ इंदौर चलिए, वहीं सब एक साथ रहेंगे। उद्योगपति की यह बात सुन बाबूजी गदगद हो उठे। होलिका दहन की तैयारी के साथ ही माधुरी ने भांग भरे गिलास भी सजा दिए। बचपन की तरह ही सभी रंग विभोर होते गए। घर की लक्ष्मी के सारे कामों को किया देखकर बाबूजी छल छलाई आंखों से बोले- 'बेटी तो बेटी ही होती है...। आज से मेरी दो बेटियां और चार बेटे हैं। पिता के चेहरे की खुशी देख सभी मुस्कुरा कर जोर से एक साथ बोले - 'बुरा ना मानो होली है...।'

### बिहार: लालू यादव ने बेगूसराय सीट भाकपा को दी, कांग्रेस ताकती रह गई

## सीटों के बंटवारे में उलझा RJD व कांग्रेस का गणित, खींचतान शुरू

**एजेंसी** | पटना

बिहार में लोकसभा चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे को लेकर विपक्षी महागठबंधन के दो प्रमुख घटक दलों कांग्रेस व राजद के बीच रार जारी है। इसी वजह से सीटों के बंटवारे को लेकर

घोषणा नहीं हो रही है। नया विवाद औरंगाबाद व बेगूसराय सीट को लेकर सामने आया है। राजद ने औरंगाबाद से अभय कुशवाहा को प्रत्याशी घोषित कर दिया है। जिस पर कांग्रेस के





सांसद रह चुके पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार ने आपत्ति जताई है। राजद की घोषणा के विरोध में शनिवार को निखिल कुमार के समर्थक उनके पटना स्थित निवास पर पहुंचे और यह सीट राजद को दिए जाने पर गहरी नाराजगी जाहिर की। निखिल कुमार ने इससे कहा था कि औरंगाबाद कांग्रेस की परंपरागत सीट रही है। यहां से उन्होंने चुनाव लड़ने की पूरी तैयारी कर ली थी। मगर राजद ने इस सीट से अपना उम्मीदवार उतार दिया। इसके अलावा राजद की ओर से गया सुरक्षित सीट से सर्वजीत कुमार, नवादा से श्रवण कुशवाहा और जमुई से अर्चना रविदास को टिकट दिया है। कांग्रेस को इस पर भी आपत्ति है।

राजद ने कांग्रेस के युवा नेता कन्हैया कुमार का रास्ता रोकने की तैयारी भी करली है। राजद ने बेगूसराय सीट सीपीआई को आवंटित कर दी है। राजद के इस फैसले से भी राजद-कांग्रेस के बीच रिश्तों में खटास आ गई है। सूत्रों के मुताबिक, सीपीआई महासचिव डी राजा ने लालू प्रसाद यादव और नेता तेजस्वी यादव से मुलाकात कर बेगूसराय सीट की मांग की थी। इसके बाद राजद ने इस सीट को सीपीआई को आवंटित कर दिया है। सीपीआई ने अवधेश राय को वहां से उम्मीदावार घोषित किया है। कांग्रेस की भी इसी सीट पर नजर थी। वह यहीं से आने वाले अपने युवा नेता कन्हैया कुमार के लिए सीट चाह रही थी। लेकिन राजद को कन्हैया कुमार के नाम पर आपत्ति थीं। इसलिए बात नहीं बनी।

### पप्पू यादव को लेकर भी रिश्ते सहज नहीं

राजद और कांग्रेस में पप्पू यादव को लेकर भी मनमुटाव चल रहा है। पिछले दिनों पूर्व सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने अपनी पार्टी जन अधिकार पार्टी का विलय कांग्रेस में कर दिया और पार्टी का दामन थाम लिया था। इस पर राजद ने नाराजगी जताई है। पप्पू यादव के लालू परिवार से खट्टे-मीट्ठे रिश्ते रहे हैं। राजद सूत्र बता रहे हैं कि पूर्णिया या मधेपुरा सीट पप्पू यादव के लिए राजद नहीं छोड़ेगी। पप्पू यादव दो बार (2004 उप चुनाव और 2014) मधेपुरा से राजद के सांसद रह चुके हैं।

### तालमेल का अभाव

सूत्रों के अनुसार बिहार में भले ही इंडिया गठबंधन के बीच सीटों के तालमेल की गुत्थी उलझी हुई हो, लेकिन दोनों ही दलों की ओर से दावा किया जा रहा है कि जल्दी ही सब कुछ सुलझा लिया जाएगा और सीटों का तालमेल पूरा होगा। दोनों दलों को लग रहा है कि चुनावी प्रक्रिया शुरू होने बाद और सीटों की साझेदारी को लेकर बात इतनी आगे बढ़ने के बावजूद अगर तालमेल नहीं होता है तो इसका नुकसान दोनों ही पक्षों को उठाना पड़ेगा। इससे इंडिया महागठबंधन का नैरेटिव खराब होगा, जो दोनों ही पार्टियों के लिए ठीक नहीं होगा

---

### कांग्रेस नेता मीरा कुमार नहीं लड़ेंगी लोकसभा चुनाव



**नई दिल्ली**। पूर्व लोकसभा अध्यक्ष और कांग्रेस नेता मीरा कुमार लोकसभा चुनाव नहीं लड़ रही हैं। उन्होंने अपने फेसबुक अकाउंट पर पोस्ट किया, 2024 के आम चुनाव में मैंने चुनाव नहीं लड़ने का निर्णय किया है। मैं अपने देश के लोगों, विशेषकर गरीब, वंचित वर्ग और महिलाओं की सेवा हमेशा करती रहूंगी। पूर्व उप प्रधानमंत्री जगजीवन राम की बेटी मीरा कुमार बिहार की सासाराम सीट से पांच बार सांसद रह चुकी हैं। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार माना जा रहा है कि मीरा कुमार विपक्षी गठबंधन इंडिया के अंदर सीट शेयरिंग फॉर्मूले से खुश नहीं थीं। इसीलिए माना जा रहा है कि उन्होंने खुद को चुनावी लड़ाई से अलग कर लिया है।

### TMC नेता महुआ मोइत्रा के आवास पर CBI छापामारी

**कोलकाता**। टीएमसी की पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा के आवास सहित कई ठिकानों पर शनिवार को केंद्रीयजांच ब्यूरो ने छापामारी की है। सीबीआई उनके कोलकाता के अलीपुर स्थित आवास और अन्य स्थानों पर तलाशी ली। जांच एजेंसी ने कैश फॉर क्वेरी मामले में यह कार्रवाई की गई है। सीबीआई ने शुक्रवार को ही कैश फॉर क्वेरी मामले में एफआईआर दर्ज की थी। सीबीआई ने लोकपाल के निर्देश पर ये एफआईआर दर्ज की है। बता दें कि कैश फॉर क्वेरी मामले में पिछले साल दिसंबर में महुआ मोइत्रा को अपने सांसद पद से हाथ धोना पड़ा था। मामले में लोकसभा ने अपनी आचार समिति की रिपोर्ट को अपनाया था, जिसमें कैश फॉर क्वेरी मामले में उन्हें दोषी ठहराया गया था।

### दिल्ली के सीएम की गिरफ्तारी पर गरमाई सियासत

## केजरीवाल को झटका, हाई कोर्ट का तत्काल सुनवाई से इनकार

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली हाईकोर्ट से झटका लगा है। सीएम ने अपनी गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती दी थी, जिसके लिए उन्होंने 24 मार्च को तत्काल सुनवाई की मांग की थी। लेकिन हाईकोर्ट ने इससे इनकार कर दिया। कोर्ट ने मामले को बुधवार के लिए सूचीबद्ध कर दिया है। वहीं केजरीवाल की गिरफ्तारी पर सियासत गरमा गई है।

सीएम केजरीवाल ने ईडी द्वारा अपनी गिरफ्तारी और 22 मार्च को ट्रायल कोर्ट द्वारा पारित रिमांड के आदेश को शनिवार को दिल्ली उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। उनके वकील ने मुख्य न्यायाधीश से तत्काल सुनवाई की मांग की थी।

ईडी ने अरविंद केजरीवाल को गुरुवार को गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्हें शुक्रवार को राऊज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया और पूछताछ के लिए 10 दिनों की रिमांड मांगी, लेकिन कोर्ट ने छह दिन की रिमांड दी। अब सीएम केजरीवाल 28 मार्च तक ईडी की रिमांड में रहेंगे। सुनवाई में ईडी की तरफ से ASG जबकि केजरीवाल की तरफ से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी शामिल हुए।



### पत्नी ने पढ़ा केजरीवाल का यह संदेश, कहा- मेरे लिए दुआ मांगना, मैं जल्दी बाहर आऊंगा

दूसरी ओर सीएम अरविंद केजरीवाल को ईडी द्वारा गिरफ्तार कर लिए जाने के बाद उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने शनिवार को पहली बार प्रेस को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने जनता के लिए पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि गिरफ्तारी हमें आश्चर्य में नहीं डाल रही है। मुझे भले गिरफ्तार कर लिया गया है। मैं जेल में रहूं या बाहर रहूं। आप लोगों के लिए काम करता रहूंगा। केजरीवाल ने दिल्लीवासियों से कहा है कि वे एक बार मंदिर जाना और मेरे लिए दुआएं मांगना। मैं जल्द ही बाहर आऊंगा। मुझे कोई भी जेल ज्यादा दिनों तक अंदर नहीं रख सकती है।

### AAP ऑफिस को किया गया सीज: आतिशी

इस बीच, 'आप' नेता आतिशी ने दावा किया है कि पार्टी का कार्यालय सीज कर दिया गया है। उन्होंने इसे लेकर चुनाव आयोग में शिकायत करने की बात भी कही है। हालांकि दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने 'आप' कार्यालय को सील करने के आरोप का खंडन किया है। अधिकारी ने कहा कि डीडीयू मार्ग पर लोगों की भीड़ रोकने के लिए पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था, क्योंकि वहां धारा 144 लागू है। आप' के एक अन्य वरिष्ठ नेता और दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने पार्टी कार्यालय के सभी प्रवेश द्वार बंद कर दिए हैं। उन्होंने 'एक्स' पर कहा, हम निर्वाचन आयोग जाएंगे, केंद्र सरकार ने आदर्श आचार संहिता लागू रहते हुए भी आईटीओ पर 'आप' के मुख्य कार्यालय के सभी प्रवेश द्वार बंद कर दिए हैं। भारद्वाज ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि निर्वाचन आयोग को एक निष्पक्ष संस्था के रूप में काम करना चाहिए और पुलिस अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए। भारद्वाज ने कहा कि उन्हें और आतिशी को पार्टी कार्यालय जाने से रोक दिया गया। उन्होंने पूछा कि चुनाव के दौरान किसी राष्ट्रीय पार्टी के कार्यालय को कैसे सील किया जा सकता है।



### कानून से बड़ा कोई नहीं: सीएम योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोई भी कानून से बड़ा नहीं हो सकता। देश में लोकतंत्र है, इसीलिए अरविंद केजरीवाल बार-बार दिल्ली के मुख्यमंत्री बन सके। मगर लोकतंत्र किसी व्यक्ति, पार्टी या संस्था को डकैती डालने की छूट नहीं देता। मुख्यमंत्री प्रदेश का मालिक नहीं होता। हमारा काम जनसेवक और कस्टोडियन का होता है। कोई भी, फिर चाहे मैं ही क्यों न हूं, अगर नियम विरुद्ध आचरण करूंगा तो मुझ पर भी देश का कानून लागू होगा। कोई व्यक्ति या सरकार खुद को कानून से ऊपर मानने लगे तो ये गलत है। ईडी एक स्वतंत्र नियामक संस्था है और केजरीवाल का मामले में कोर्ट में है, इसे अब कोर्ट ही तय करेगी। योगी ने एक टीवी चैनल के साथ बातचीत में यह बात कही।

### हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस को झटका

## छह बागी MLA ने थामा BJP का दामन




**एजेंसी** | शिमला

हिमाचल प्रदेश में लगातार बढ़ते राजनीतिक संकट के बीच कांग्रेस के 6 पूर्व विधायक शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए। उन्हें कांग्रेस के एक व्हिप की अवज्ञा करने के बाद विधायक पद से अयोग्य करार दिया गया था। इनके अब भाजपा उम्मीदवार के तौर पर उप चुनाव लड़ने की संभावना है। इनके अलावा शुक्रवार को राज्य विधानसभा से इस्तीफा देने वाले तीन निर्दलीय

विधायकों आशीष शर्मा, होशियार सिंह और के एल ठाकुर के भी जल्द ही भाजपा में शामिल होने की संभावना है।

भाजपा में शामिल होने वाले कांग्रेस के 6 बागी विधायकों में सुधीर शर्मा, रवि ठाकुर, राजेंद्र राणा, इंद्र दत्त लखनपाल, चैतन्य शर्मा और देवेंद्र कुमार भुट्टो शामिल हैं। ये सभी कांग्रेस के टिकट पर निर्वाचित हुए थे और उन्हें हिमाचल प्रदेश विधानसभा में उपस्थित रहने तथा कटौती प्रस्ताव व बजट के दौरान राज्य सरकार के पक्ष में मतदान करने के पार्टी के एक व्हिप की अवज्ञा करने के लिए 29 फरवरी को अयोग्य करार दिया गया था। निर्वाचन आयोग ने इनके निर्वाचन क्षेत्रों के लिए उपचुनाव की घोषणा की है।

### भाजपा और मजबूत होगी:ठाकुर

वे केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष राजीव बिंदल की उपस्थिति में पार्टी में शामिल हो गए। इन पूर्व विधायकों का पार्टी में स्वागत करते हुए ठाकुर ने कहा कि उनकी उपस्थिति से भाजपा और मजबूत होगी। उन्होंने राज्य में कांग्रेस सरकार पर अपने वादों को पूरा न करने का आरोप लगाया जिससे लोगों के बीच आक्रोश है। ठाकुर ने कहा कि इन नेताओं ने हाल में हुए राज्यसभा चुनाव में भाजपा का समर्थन किया था जो कांग्रेस के खिलाफ जन आक्रोश को दर्शाता है।

### यूपी में नया सियासी समीकरण

## अपना दल ( क) का यू-टर्न BSP से गठबंधन संभव

**एजेंसी** | लखनऊ

उत्तर प्रदेश में अपना दल( कमेरावादी) ने अपनी पूर्व में घोषित तीन प्रत्याशियों की सूची को वापस ले लिया है और पार्टी ने कहा है कि शीघ्र ही संशोधित नई सूची जारी की जाएगी।

पार्टी ने गत दिनों पार्टी के मिर्जापुर, कौशांबी और फूलपुर से चुनाव लड़ने का ऐलान किया था। इसके बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अपना दल( कमेरावादी) के साथ पार्टी का गठबंधन टूटने की बात कही थी। खबर है समाजवादी पार्टी से गठबंधन टूटने के बाद





अब अपना दल( कमेरावादी) की अध्यक्ष कृष्णा पटेल अब बसपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ सकती हैं। समझा जाता है कि पटेल को इस मामले में बसपा की ओर से पेशकश की गई है। पार्टी की नेता पल्लवी पटेल रविवार को बसपा सुप्रीमो मायावती से मुलाकात कर सकती हैं। हालांकि पल्लवी पटेल समाजवादी पार्टी से विधायक हैं।

### भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक

## राजस्थान के प्रत्याशियों पर मंथन

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी उम्मीदवारों के नाम तय करने को भाजपा की शनिवार को यहां केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हुई। भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए अब तक चार सूचियां घोषित की हैं और इनमें वह 291 उम्मीदवारों का ऐलान कर चुकी है।

सूत्रों के अनुसार बैठक में उत्तर प्रदेश और राजस्थान के उम्मीदवारों पर चर्चा हुई। सीईसी की बैठक दो बार पहले भी हो चुकी है। भाजपा अब तक 291 लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम घोषित कर चुकी है। इनमें उत्तर प्रदेश, गुजरात, पश्चिम बंगाल, झारखंड,




राजस्थान, हरियाणा, कर्नाटक, तमिलनाडु, उत्तराखंड, केरल और तेलंगाना समेत अन्य राज्यों की सीटें शामिल हैं।

भाजपा ने अभी तक इनमें से कुछ राज्यों की अहम सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई शीर्ष पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी भाग लिया।

पीएम मोदी भूटान दौरे से लौटने के बाद पार्टी मुख्यालय पहुंचे और सीईसी की बैठक में हिस्सा लिया।

### कांग्रेस के 46 और प्रत्याशी घोषित

## पीएम मोदी से अजय राय का होगा मुकाबला

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की चौथी लिस्ट जारी कर दी गई है। इसमें 46 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया गया है।

कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह राजगढ़ लोकसभा सीट, यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय वाराणसी से, इमरान मसूद सहारनपुर से, वीरेंद्र रावत हरिद्वार से और दानिश अली अमरोहा से चुनाव लड़ेंगे। सूची में मध्य प्रदेश की 12, उत्तर प्रदेश की नौ, तलिमनाडु की आठ, महाराष्ट्र की चार, राजस्थान की तीन, मणिपुर, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड की दो-दो लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया गया है।

इसके अलावा पश्चिम बंगाल, असम, छत्तीसगढ़, अंडमान-निकोबार और मिजोरम की एक-एक लोकसभा सीट के लिए भी उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी गई है।

---

### जम्मू-कश्मीर की चिट्ठी

## पूर्ण राज्य का दर्जा और विधानसभा चुनाव हर पार्टी के एजेंडे में शामिल

**एजेंसी** | नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में लोकसभा चुनाव के लिए राजनीतिक दलों का अभियान तेज हो गया है। विशेष दर्जे की समाप्ति के बाद राज्य में पहली बार हो रहे लोकसभा चुनाव में सभी राजनीतिक दलों के एजेंडे में विधानसभा चुनाव और प्रदेश के लिए पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करना प्रमुख मुद्दा है। अनुच्छेद 370 के निरस्तीकरण के बाद अब यहां का राजनीतिक परिदृश्य बदल रहा है। हालांकि राज्य में कांग्रेस, भाजपा, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी मुख्य राजनीतिक पार्टियां हैं और वे सभी चुनाव तैयारियों में जुटी हैं। वहीं गुलाम नबी आजाद







के नेतृत्व वाली डीपीएपी इस समय जम्मू कश्मीर की राजनीति में अपने लिए संभावनाएं तलाश रही है। वह जम्मू कश्मीर अपनी पार्टी और पीपुल्स कान्फ्रेंस के साथ गठजोड़ की संभावनाएं तलाश रही है। इन चुनावों का परिणाम उसके लिए जम्मू कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनाव में संभावनाएं तय करेंगे। सभी राजनीतिक दलों के लिए यह चुनाव अपने जनाधार को साबित करने मौका है। हालांकि, विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी में सीटों के बंटवारे से पहले ही खींचतान शुरू हो गई थी।

चुनावों की घोषणा के साथ ही प्रत्येक राजनीतिक दल के नेता और कार्यकर्ता अपनी बैठकों व रैलियों में पूर्ण राज्य के मुद्दे को उठा रहे हैं। भाजपा लोकसभा चुनाव के बाद जल्द विधानसभा चुनाव का यकीन दिला रही है, वहीं नेकां, पीडीपी, कांग्रेस व अन्य दल केंद्र सरकार और भाजपा पर विधानसभा चुनाव टालने का आरोप लगा रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में अंतिम बार विधानसभा चुनाव वर्ष 2014 में हुए थे। उस समय जम्मू-कश्मीर व लद्दाख एक ही राज्य था। जून 2018 में तत्कालीन पीडीपी-भाजपा गठबंधन सरकार गिर गई थी।

### सभी उम्मीदवार रहेंगे कड़े सुरक्षा घेरे में

दूसरी ओर राज्य में आतंकी हमलों और अन्य खतरों को देखते हुए चुनाव के दौरान सभी उम्मीदवार चुनावी प्रक्रिया पूरी होने तक कड़े सुरक्षा घेरे में रहेंगे। चाहे वे बड़े दल के उम्मीदवार हों या निर्दलीय। हर उम्मीदवार की सुरक्षा के लिए करीब 20 जवान तैनात होंगे। ताकि प्रचार और अन्य चुनावी गतिविधियों में वे बेहिचक हिस्सा ले सकें। इस बारे में भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव में शामिल हर प्रत्याशी को कम से कम दो सेक्शन फोर्स देनी पड़ती हैं।

### 30 सितंबर तक होने हैं विधानसभा चुनाव

जम्मू कश्मीर में इस साल 30 सितंबर तक विधानसभा चुनाव कराए जाने हैं। इसलिए माना जा रहा है कि अगामी लोकसभा चुनाव राज्य में अगामी विधानसभा चुनाव कराने की दशा और दिशा तय करेंगे।

### पांच सीटों पर पांच चरण में मतदान

जम्मू-कश्मीर केंद्रशासित प्रदेश में पांच लोकसभा सीटें हैं। इन सभी सीटों के लिए चुनाव अलग-अलग चरणों में हैं। उधमपुर में 19 अप्रैल को, जम्मू पर 26 अप्रैल को, अनंतनाग-राजौरी सीट पर 7 मई, श्रीनगर में 13 मई और बारामूला सीट पर 20 मई को चुनाव होंगे।

### 3 हेलिकॉप्टर रहेंगे तैनात

सूत्रों के अनुसार शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग की मदद को तीन हेलिकॉप्टर भी तैनात रहेंगे। इनमें **एक हेलिकॉप्टर** एयर एंबुलेंस के रूप में इस्तेमाल होगा। **दूसरा हेलिकॉप्टर** चुनावी डयूटी में लगे कर्मचारियों की जरूरतों को पूरा करने समेत कानून-व्यवस्था की निगरानी करेगा। **तीसरा हेलिकॉप्टर** बैकअप के लिए रखा जाएगा। एयर एंबुलेंस की सेवा यहां मतदान के सभी चरणों के लिए रहेगी। दूसरे हेलिकॉप्टर को पहले चरण के मतदान से तीन दिन पहले ही तैयार किया जाएगा।

# यज्ञीय संकल्प एवं उल्लास का पवित्रतम त्योहार है होली



अशोक 'प्रवृद्ध'
स्वतंत्र टिप्पणीकार

वैदिक मतानुसार यज्ञ सम्पूर्ण ब्रह्मांड के नाभिकेन्द्र हैं। सम्पूर्ण सृष्टि में सतत यज्ञ का संचालन हो रहा है। इस यज्ञ संस्कृति को समाज व्यवस्था, परिवार व्यवस्था एवं जीवन का अंग बनाए रखने के उद्देश्य से ही भारतीय संस्कृति में पर्व- त्योहारों की परंपरा विकसित हुई है। और पर्व- त्योहारों की इस श्रृंखला को जनमानस से जोड़कर पर्वों के मूल में यज्ञीय विधान स्थापित किया गया है। यही कारण है कि दीपावली, रक्षाबंधन, दशहरा, करवाचौथ, नवरात्रि से लेकर प्रत्येक पर्व में यज्ञ का विधान है। आदि सनातन काल से ही कृषि प्रधान भारतीय संस्कृति यज्ञों की संस्कृति रही है। होलिकोत्सव यज्ञीय परम्परा का पवित्रतम उत्सव है। इसमें कृषि संस्कृति से लेकर ऋषि मूल्यों तक का समावेश है। अत्यंत प्राचीन काल से प्रचलित इस सार्वभौम पर्व में देश के हर वर्ग, जाति, धर्म एवं संप्रदाय के लोगों में उत्साह व आनन्द की अनुभूति दृष्टिगोचर होती है। जीवन को उल्लास के साथ जीने की रीति-नीति का संदेश व शिक्षा देने वाले इस प्रकृति पर्व पर सर्वत्र प्रकृति की सुन्दर मनोरम छटा बिखरती है। उस सुन्दर मनोरम छटा की अभिव्यक्ति हेतु लोग आपस में गुलाल-अबीर से अपनी आन्तरिक पुलकन को प्रकट करते हैं।फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला महत्वपूर्ण त्योहार होली भारत में अत्यंत प्राचीन काल से होली, होलिका या होलाका नाम से मनाया जाता रहा है। वसंत की ऋतु में हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने के कारण इसे वसंतोत्सव और काम महोत्सव भी कहा गया है। इसे मन्वन्तरारंभ का पर्व भी कहा जाता है। यह पर्व जन-जन में आंतरिक उल्लास को उभारने के लिए यज्ञीय संकल्प से जुड़ने का सांस्कृतिक संदेश भी देता है।

**युनक्त सीरा वि युगा तनुध्वं कृते योनौ वपतेह बीजम् ।**
**गिरा च श्रुष्टिः सभरा असन्नो नेदीय इत्सृण्यः पक्वमेयात् ।।**

**अर्थात-** हल चलाकर भूमि-खेत की क्यारी को तैयार करके बीज बोना पुनः सिञ्चन आदि करके जब अन्न का पौधा बढ़ जावे और बाल अन्न के दानों से भर जाये और पक जाये, तब उसे दराँती से काटकर अन्न प्राप्त करना चाहिए। ऋग्वेद का यह प्राचीन सूक्त इस नवान्न महोत्सव की प्राचीनता को इंगित करता है। फाल्गुन की पूर्ण चंद्र को मनाई जाने वाली इस पर्व को प्राचीन काल में नवान्न इष्टि यज्ञ कहा जाता था। प्राचीन काल में खेत के अधपके अन्न को यज्ञ में दान करके प्रसाद लेने का विधान समाज में प्रचलित था। संस्कृत में अधजले, अधपके अन्न को होला कहते हैं, इसलिए इसका नाम होलिकोत्सव पड़ा। इसका आरंभिक शब्द रुप होलाका था।

**होला कर्म विशेष सौभाग्याय स्त्रीणां प्रातरनुष्ठीयते।**
**तंत्र होलाके राका देवता, यास्ते तत्र राके सुमतयः।।**

**अर्थात-** होला एक कर्मविशेष है, जो स्त्रियों के सौभाग्य के लिए संपादित होता है। उस कार्य में राका पूर्ण चंद्र देवता है। फाल्गुन की पूर्णिमा पर लोग श्रृंग से एक दूसरे पर रंगीन जल छोड़ते हैं और सुगंधित चूर्ण बिखेरते हैं। इस प्रकार काठक गृह्यसूत्र ने होली को स्त्रियों के सौभाग्य वृद्धि के लिए संपन्न किया जाने वाला एक अनुष्ठान माना है, जिसके देवता चंद्रमा हैं। हैमाद्री ग्रंथ काल वृहदधर्म में उद्धृत एक श्लोक में होलिका पूर्णिमा को होता शनि कहा गया है। लिंग पुराण के अनुसार फाल्गुन पूर्णिमा को फाल्गुनिका कहा जाता है। यह रात्रि क्रीड़ाओं से पूर्ण है, और लोगों को विभूति या ऐश्वर्य देने वाली है। भविष्यपुराण में होली को हास्य-विनोद का पर्व बतलाया गया है। वराह पुराण के अनुसार पटवास विलासिनी चूर्ण से युक्त क्रीड़ाओं वाली है। भारतीय ज्योतिष के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन से नववर्ष का आरंभ माना जाता है, परंतु इस होलिकोत्सव के बाद ही चैत्र महीने का आरंभ होता है। इसलिए यह पर्व नवसंवत का आरंभ तथा वसंतागमन का प्रतीक भी है। इस दिन प्रथम पुरुष मनु का जन्म होने के कारण इसे मन्वादितिथि कहते हैं। फसल से जुड़े होने के कारण होली जीवन को चलाने वाला उत्सव है। जैमिनी के पूर्व मीमांसा-सूत्र और कथा गृह्यसूत्र आदि पौराणिक ग्रंथों में भी वसंत ऋतु और वसन्तोत्सव के संबंध में उल्लेख है।

कहानी

## "बाबू की होली"





अर्चना त्यागी
लेखिका

बाबू की खुशी का ठिकाना नहीं था। उसके बाबा का गांव से फोन आया था। बाबा चाहते थे कि बाबू गांव में पूरे परिवार के साथ होली मनाए। होली बाबू का प्रिय त्यौहार था। बाबू को शहर गए हुए एक वर्ष हो चुका था। गांव की पाठशाला से उसने आठवीं की परीक्षा पास की थी। पूरे जिले में वह प्रथम स्थान पर था। इसी बात से खुश होकर उसके चाचा उसे अपने साथ शहर ले गए थे। गांव में आठवीं तक ही स्कूल था। आगे की पढ़ाई के लिए दूर के गांव में ही एक स्कूल था।

शहर में चाचा ने उसका दाखिला एक स्कूल में करवा दिया। चाचा दिन भर अपने काम पर रहते। चाची ही घर पर होती। उनका व्यवहार बाबू के साथ अच्छा नहीं था। अपने बेटे, डब्बू से वो खूब लाड लड़ाती लेकिन बाबू को एक नौकर से अधिक नहीं समझती। घर के काम उससे करवातीं। खाना भी सबके खाने के बाद ही देती। डब्बू भी गंवार कहकर उसे चिढ़ाता रहता था। चाचा का फ्लैट दो कमरों वाला था। एक कमरे में डब्बू पढ़ाई करता और दूसरे कमरे में चाचा चाची सोते। बाबू के न पढ़ने की जगह निश्चित थी न ही सोने की। दिन में बालकोनी में बैठकर पढ़ाई करता और रात में सबके सोने के बाद लॉबी में सोफे पर लेटकर सो जाता। अक्सर रात में बाबू अपने मां बाबा को याद करके रोता रहता परन्तु किसी से कुछ नहीं कहता। बाबा का बुलावा आया तो उसकी जान में जान आई। डब्बू गांव में नहीं जाना चाहता था किन्तु चाचा ने उसे जाने के मना लिया। चाची को भी मजबूर होकर साथ जाना ही पड़ा।

होली के दिन सुबह होली पूजन हुआ और शाम को होलिका दहन। डब्बू गांव में किसी से अधिक परिचित नहीं था इसलिए बाबू के साथ साथ ही घूम रहा था। बाबू के साथ वह पहले कभी इतने समय तक नहीं रहा था। अपने घर में भी नहीं। बाबू ने अपने सभी दोस्तों से उसका परिचय कराया। सभी उसके साथ खेल रहे थे। सबने मिलकर अगले दिन का कार्यक्रम निर्धारित किया। फाग पर गुलाल और रंग वाली होली खेलने का। गुपचुप योजना बनाई गई। डब्बू को सब समझ नहीं आया लेकिन वह खुश था।

सुबह डब्बू सोकर उठा तो बाबू घर में नहीं था। डब्बू उसे ढूंढते हुए घर से बाहर गया तो पहचान नहीं पाया। सबके चेहरे रंग से पुते हुए थे। बाबू को पहचानना मुश्किल था। डब्बू जब तक पहचान पाता तब तक उसके उपर रंग की बारिश होने लगी। अब वह भी उनकी तरह रंग से नहा गया। पहचानना मुश्किल था कि कौन बाबू है और कौन डब्बू। दोपहर तक जमकर सबने होली खेली। खूब धमाल मचाया। डब्बू ने पहली बार ऐसी होली देखी थी। वह जिस शहर में रहता था वहां होली कोई खेलता ही नहीं था। बारह बजे के बाद जब सबका रंग ख़तम हो गया तो बच्चे अपने अपने घर वापिस चले गए। डब्बू और बाबू भी घर लौट आए। खूब मल मल कर नहाए। नहाकर, बच्चे पकवानों पर टूट पड़े। होली पर विशेष पकवान बनाए गए थे। परिवार के सब लोग मिलकर त्यौहार का आनंद ले रहे थे। चाची बोली,' बाबू अब अपना सामान भी समेट लेना, कल सुबह जाना भी है।' बाबू जाकर मां से लिपट गया। 'नहीं जाऊंगा मां।' उसने दृढ़ता से कहा। कोई कुछ कहता उससे पहले ही चाची शुरू हो गई,' यहां गांव में रहोगे तो अपने उन गंवार दोस्तों के साथ ही घूमते रह जाओगे। पढ़ लिख कर कुछ बन ही जाओगे शहर में।' बाबू ने डब्बू को देखा और फिर चाची की बात का जवाब दिया। ' चाची, शहर जाकर एक घरेलू नौकर बनने से कहीं अच्छा है गंवार बने रहना। मेरे दोस्त गांव में रहते हैं लेकिन इंसानियत जानते हैं। अपने रिश्तेदारों को नौकर नहीं मानते हैं।' बाबू और भी बहुत कुछ बोलना चाहता था किन्तु बाबा ने उसे रोक दिया।चाची नाराज़ होकर अंदर चली गई। डब्बू बाबू के पास आकर बोला,' मैं अपने और मां के व्यवहार के लिए तुमसे माफी मांगता हूं भाई। इस बार मैं तुम्हे अपने कमरे में ही रखूंगा। मैं जान गया हूं तुम कितने अच्छे हो। बस ज़िद छोड़ दो और मेरे साथ चलो।' बाबू ने डब्बू को गले से लगा लिया। ' मैं तुम्हारा अगली होली पर अपने गांव में ही इंतजार करूंगा। फिर से मस्ती करेंगे। मेरे भाई मैं वहां नहीं जाऊंगा। नहीं पढ़ पाया तो खेती करूंगा पर एक इंसान बनूंगा।' बाबू ने डब्बू को समझाते हुए कहा। मां बाबा उसकी बात से सहमत थे। चाचा सिर झुकाए खड़े थे। चाची मुंह फुलाकर बैठी थी। तभी डब्बू ने बाबू का हाथ खींचते हुए कहा,' बाबू अभी तो खेल लेते हैं। कल तो मुझे फिर से वीडियो गेम ही खेलना पड़ेगा।' बाबू हंसकर उसके साथ हो लिया।

# सामाजिक समरसता का महापर्व है होली



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार



होली शायद दुनिया का एकमात्र ऐसा त्यौहार है,जो सामुदायिक बहुलता की समरसता से जुड़ा है। इस पर्व में मेल-मिलाप का जो आत्मीय भाव अंतर्मन से उमड़ता है, वह सांप्रदायिक अतिवाद और जातीय जड़ता को भी ध्वस्त करता है। फलस्वरूप किसी भी जाति का व्यक्ति उच्च जाति के व्यक्ति के चेहरे पर पर गुलाल मल सकता है और आर्थिक रूप से विपन्न व्यक्ति भी धनकुबेर के भाल पर गुलाल का टीका लगा सकता है। यही एक ऐसा पर्व है,जब दफ्तर का चपरासी भी उच्चाधिकारी के सिर पर रंग उड़ेलने का अधिकार अनायास पा लेता है और अधिकारी भी अपने कार्यालय के सबसे छोटे कर्मचारी को गुलाल लगाते हुए, आत्मीय भाव से गले लगा लेता है। वाकई रंग छिड़कने का यह होली पर्व उन तमाम जाति व वर्गीय वर्जनाओं को तोड़ता है, जो मानव समुदायों के बीच असमानता बढ़ाती हैं। गोया, इस त्यौहार की उपादेयता को और व्यापक बनाने की जरूरत है।

होली का पर्व हिरण्यकश्यप की बहन होलिका के दहन की घटना से जुड़ा है। ऐसी लोक-प्रचलन में मान्यता है कि होलिका को आग में न जलने का वरदान प्राप्त था। अलबत्ता उसके पास ऐसी कोई वैज्ञानिक तकनीक थी, जिसे प्रयोग में लाकर वह अग्नि में प्रवेश करने के बावजूद नहीं जलती थी। चूंकि होली को बुराई पर अच्छाई के पर्व के रूप में माना जाता है, इसलिए जब वह अपने भतीजे प्रहलाद को विकृत व क्रूर मानसिकता के चलते गोद में लेकर प्रज्वलित आग में प्रविष्ट हुई तो खुद तो जलकर खाक हो गई, किंतु प्रहलाद बच गए। उसे मिला वरदान सार्थक सिद्ध नहीं हुआ, क्योंकि वह असत्य और अनाचार की आसुरी शक्ति में बदल गई थी।

इसी कथा से मिलती-जुलती चीन में एक कथा प्रचलित है, जो होली पर्व मनाने का कारण बनी है। चीन में भी इस दिन पानी में रंग घोलकर लोगों को बहुरंगों से भिगोया जाता है। चीनी कथा भारतीय कथा से भिन्न जरुर है, लेकिन आखिर में वह भी बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है।

चीन में होली का नाम है, 'फोश्वेई च्ये' अर्थात् रंग और पानी से सराबोर होने का पर्व। यह त्योहार चीन के युतांन जाति की अल्पसंख्यक 'ताएं' नामक जाति का मुख्य त्योहार माना जाता है। इसे वे नए वर्ष की शुरुआत के रुप में भी मनाते हैं।

इस पर्व से जुड़ी कहानी है कि प्राचीन समय में एक दुर्दांत अग्नि-राक्षस ने 'चिंग हुग' नाम के गांव की उपजाऊ कृषि भूमि पर कब्जा कर लिया। राक्षस विलासी और भोगी प्रवृत्ति का था। उसकी छह सुंदर पत्नियां थीं। इसके बाद भी उसने चिंग हुग गांव की ही एक खूबसूरत युवती का अपहरण करके उसे सातवीं पत्नी बना लिया। यह लड़की सुंदर होने के साथ वाक्पटु और बुद्धिमति थी। उसने अपने रूप-जाल के मोहपाश में राक्षस को ऐसा बांधा कि उससे उसी की मृत्यु का रहस्य जान लिया।

राज यह था कि यदि राक्षस की गर्दन से उसके लंबे-लंबे बाल लपेट दिए जाएं तो वह मृत्यु का प्राप्त हो जाएगा। एक दिन अनुकूल अवसर पाकर युवती ने ऐसा ही किया। राक्षस की गर्दन उसी के बालों से सोते में बांध दी। इन्हीं बालों से उसकी गर्दन काटकर धड़ से अलग कर दी। लेकिन वह अग्नि-राक्षस था, इसलिए गर्दन कटते ही उसके सिर में आग प्रज्वलित हो उठी और सिर धरती पर लुढ़कने लगा। यह सिर लुढ़कता हुआ जहां-जहां से गुजरता वहां-वहां आग प्रज्वलित हो उठती। इस समय साहसी और बुद्धिमान लड़की ने हिम्मत से काम लिया और ग्रामीणों की मदद लेकर पानी से आग बुझाने में जुट गई। आखिरकार बार-बार प्रज्वलित हो जाने वाली अग्नि का क्षरण हुआ और धरती पर लगने वाली आग भी बुझ गई। इस राक्षसी आतंक के अंत की खुशी में ताएं जाति के लोग आग बुझाने के लिए जिस पानी का उपयोग कर रहे थे, उसे एक-दूसरे पर उड़ेल कर झूमने लगे। और फिर हर साल इस दिन होली मनाने का सिलसिला चल निकला।

ऐतिहासिक व पौराणिक साक्ष्यों से पता चलता है कि होली की इस गाथा के उत्सर्जन के स्रोत पाकिस्तान के मुल्तान से जुड़े हैं। यानी अविभाजित भारत से। अभी भी यहां भक्त प्रहलाद से जुड़े मंदिर के भग्नावशेष मौजूद हैं। वह खंबा भी मौजूद है, जिससे प्रहलाद को बांधा गया था।

भारत विभाजन के बाद पाकिस्तान में हिंदू धर्म से जुड़े मंदिरों को नेस्तनाबूद करने का जो सिलसिला चला, उसके थपेड़ों से यह मंदिर भी लगभग नष्टप्राय: हो गया है ,लेकिन चंद अवशेष अब भी मुलतान में मौजूद हैं। यहां भी अल्पसंख्यक हिंदू होली के उत्सव को मानते हैं।

# होली खेलें पर बचाव के साथ





डॉ. दिनेश माथुर
चर्मरोग विशेषज्ञ

प्राचीन काल से चले आ रहे रंगो के त्योहार होली में तरह तरह के रंग, अबीर गुलाल एवं रंग इत्यादि का भर पूर प्रयोग होता है लेकिन होली के हुडदंग एवं मौज मस्ती में कई बार रंगो की बजह से त्वचा फेफडों एवं आंखे इत्यादि प्रभावित हो सकती हैं। इसलिए पूरी सावधानी के साथ इस त्योहार को मनाना चाहिए। कुछ छोटी-छोटी सावधानियां हैं जिन्हें अपनाकर हम शरीर को किसी भी संभावित नुकसान से बचा सकते हैं। यहां हम ऐसी ही सावधानियों पर चर्चा कर रहे हैं। हाल के वर्षों में होली पर बड़े पैमाने पर औद्योगिक रंगों का उपयोग होने लगा है क्योंकि ये सस्ते और भड़कीले होते हैं। इन रसायनों को कभी भी मानव उपयोग के लिए विकसित नहीं किया गया था। सिंथेटिक होली के रंगों में सस्ते, हनिकारकर पदार्थ होते हैं जो अभ्रक, एसिड, क्षार, कांच के टुकड़े आदि सहित मानव स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं। प्रतिकूल स्वास्थ्य प्रभावों के सबसे पहले बाल और त्वचा की समस्याएं जैसे घर्षण, जलन, खुजली, चकत्ते, एलर्जी, आंखों में संक्रमण हैं। बालों का खुरदरापन, आदि जबकि अधिक गंभीर रूपों में विषाक्तता, बिगड़ी हुई दृष्टि, श्वसन संबंधी समस्याएं और कैंसर शामिल हैं। जब इन रंगों को तेल और तरल पदार्थ के साथ मिलाकर त्वचा पर लगाया जाता है तो जोखिम बढ़ जाता है। होली के रंग आमतौर पर तीन रूपों में उपलब्ध होते हैं - पेस्ट, सूखे रंग और गीले रंग। इसलिए इनके किसी भी हानिकारक असर से बचने के लिए ऐहतियाती उपाय जरूरी हैं। हम ये सावधानियां बरत सकते हैं।

- महिलाओं को नेल पेंट लगाना चाहिए, गहरे रंग के नेल पेंट की एक मोटी परत, जो सबसे गहरे रंग की हो, और होली खेलने के बाद इसे हटा दें।
- अपनी आंखों की सुरक्षा के लिए होली खेलते समय चश्मा या धूप का चश्मा पहनें। आंखें बेहद संवेदनशील होती हैं, और रंगों में मौजूद रासायनिक तत्व जलन पैदा कर सकते हैं, जिससे एलर्जी हो सकती है। आंखों को हमेशा ठंडे पानी से धोएं।
- होली खेलते समय घाव या चोट आदि से सावधान रहें। घाव के क्षेत्र को तुरंत एंटीस्पेटिक लोशन से धो लें और उस पर बर्फ लगा दें। यदि होली से पहले आपके शरीर पर कोई खुला घाव या कट है, तो किसी भी हानिकारक रसायनों के प्रवेश और अवशोषण से बचने के लिए बैंड-एड का उपयोग कर सकते हैं।
- जहां तक संभव हो हर्बल रंगों का प्रयोग करें चूंकि प्राकृतिक रंगों और कृत्रिम रंगों में अंतर करना मुश्किल है, इसलिए सावधानी बरतना आवश्यक है। या तो हर्बल रंग खरीदें, या फिर टेसू या गेंदा, यहां तक कि चुकंदर के रस जैसे फूलों से घर पर रंग बनाएं जा सकते हैं।

### गीले कपड़ों में न रहें

- सुनिश्चित करें कि आप गीले कपड़ों में दो घंटे से अधिक समय तक न रहें। यदि आप सूखी होली खेल रहे हैं, तो कोशिश करें कि अपना चेहरा और हाथ नियमित रूप से धोते रहें। एक दूसरे के चेहरे पर दही लगा सकते है ताकि रंग निखर जाए और त्वचा भी मॉइश्चराइज हो जाए।

संदर्भ : रंगों के त्यौहार होली पर विशेष

# मुगल दरबार में मनता था होली का जश्न



ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार



हमारे देश में वैसे तो सभी त्यौहार, एक-दूसरे धर्म के लोग आपस में मिल-जुलकर मनाते हैं। एक-दूसरे के त्यौहार में उत्साह और उमंग से शामिल होते हैं। लेकिन देश में मनाए जाने वाले तमाम त्यौहारों में होली एक ऐसा त्यौहार है, जो अपनी धार्मिक मान्यताओं से इतर विभिन्न धर्मों के लोगों को आपस में जोड़ने का महत्वपूर्ण काम करता है। मुस्लिम, जैन और सिख जैसे अल्पसंख्यक समुदाय भी बिना किसी धार्मिक भेदभाव के अपने हिंदू भाईयों के साथ होली को जोश-ओ-ख़रोश से मनाते हैं। आम हो या ख़ास होली पर्व हमेशा से ही सभी का पसंदीदा त्यौहार रहा है। मुग़ल सल्तनत काल में भी विभिन्न हिंदू एवं मुस्लिम त्यौहार ज़बर्दस्त उत्साह और बिना किसी भेदभाव के मनाए जाते थे। होली पर्व को मुग़ल शासकों ने राजकीय मान्यता दी थी। मुग़ल दरबार में कई दिनों तक होली का जश्न मनाया जाता था। अमीर उमराव भी राज्य के सामान्य जन के साथ होली में शामिल होते थे। मुग़ल शहंशाह न सिर्फ़ ख़ुद उत्साह से होली खेलते, बल्कि अपनी हिंदू रानियों को भी होली खेलने से नहीं रोकते थे।

धर्म को लेकर बेहद कट्टरपंथी माने जाने वाले मुग़ल बादशाह औरंगज़ेब की हुकूमत में होली का त्योहार रंग और उमंग से मनाया जाता था।

कविता

## होली विशेष : रंग और व्यंग्य



ब्रजेश कानूनगो
व्यंगकार

*कुछ व्यंग्य दोहे*
*ब्रजेश कानूनगो*
*नया हो रहा इंडिया...*
*ब्रजेश कानूनगो*

*चीजें कुछ मिटती नहीं,*
*जैसे भ्रष्टाचार।*
*दे दें उसको वैधता,*
*बुरा नहीं विचार।*

*ध्वनि मत से पारित हो,*
*कानून वही सही।*
*कोई करे विरोध भी,*
*हम तक पहुंच नही।*

*चले मिटाने गरीबी,*
*फलते गए अमीर।*
*हुआ नहीं लेवल ऊँचा,*
*बदली गई लकीर।*

*सत्ता भोगिए इस तरह*
*कूटनीति से आज,*
*दोष विरोधी पर मढ़ो,*
*हो न सके जब काज।*

### राजस्थान फोरम के होली मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए बॉलीवुड कलाकार और विजेता आर्टिस्ट

# गुलाल की उछाल से होली के संग संगीत और लोक कला का प्रमोशन

**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर और राजस्थान मेरा घर है। यही ही कारण है कि मैं यहां मौका लगते ही चली आती हूं। यहां के संगीत और लोक कला को प्रमोट करना मेरी जिम्मेदारी है। बॉलीवुड को मैंने और मुझे बॉलीवुड ने बहुत कुछ दिया है और अब मैं न्यू जनरेशन के साथ काम कर रही हूं, जो बेहद रोमांचित करने वाला है। यह विचार बॉलीवुड एक्ट्रेस-सिंगर ईला अरुण ने जयपुर में रखे। वे यहां प्रदेश के कलाकारों के संगठन राजस्थान फोरम के होली मिलन समारोह में शामिल हो रही थीं। उनके साथ अन्य कलाकार भी शामिल थे, जिन्होंने विचार रखे और गुलाल होली खेली गई। साथ ही प्रदेश की कला को आगे बढ़ाने की बात हुई।



### एनुअल मीटिंग में हुई चर्चा

होटल आईटीसी राजपूताना में इस दौरान फोरम के सभी मैंबर्स की एनुअल मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता फोरम अध्यक्ष पद्मभूषण पंडित विश्व मोहन भट्ट ने की। मीटिंग के दौरान फोरम की मानद संयोजिका अपरा कुच्छल ने फोरम की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। सभी मेम्बर्स ने अपने सुझाव रखे और आने वाले समय में होने वाली फोरम की गतिविधियों पर चर्चा की।



### कलाकारों ने दी शुभकामनाएं

मीटिंग के बाद फोरम की ओर से होली मिलन समारोह में मेंबर्स सहित शहर के कई नामी कलाकार मौजूद रहे। सभी ने रंग लगाकर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान तीन बार के ग्रैमी अवार्ड विनर रिकी केज, फोरम मेम्बर संदीप भूतोड़िया, पद्मभूषण विश्व मोहन भट्ट, फिल्म अभिनेत्री और गायिका इला अरुण, पद्मश्री अली मोहम्मद, पद्मश्री गनी मोहम्मद, पद्मश्री गुलाबो सपेरा, रूमा देवी, पद्मश्री जानकी लाल भांड, पद्मश्री मोइनुद्दीन खान, पद्मश्री मुन्ना मास्टर, पद्मश्री राम किशोर छिपा, पद्मश्री उस्ताद अहमद हुसैन, पद्मश्री उस्ताद मोहम्मद हुसैन, पद्मश्री एस शाकिर अली, पद्मश्री तिलक गीतई, चित्रकार डॉ. विद्या सागर उपाध्याय, मूर्तीकर अंकित पटेल, ध्रुवपद गायिका डॉ. मधु भट्ट तैलंग, कथक गुरु प्रेरणा श्रीमाली, मंजिरी किरण महाजनी सहित अन्य कई ने शिरकत की।

### नटवर लाल शर्मा का स्वागत



**बेधड़क. जयपुर।** राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष नटवर लाल शर्मा का कार्यकारिणी पदाधिकारियों ने स्वागत किया। इस मौके पर प्रदेश प्रभारी भक्तवत्सल शर्मा, प्रदेश मीडियाप्रभारी कुलदीप सिंह खंगारोत, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिला मोर्चा रीना शर्मा, अनुशासन समिति अध्यक्ष महेन्द्रकुमार शर्मा, प्रचार प्रसार समिति अध्यक्ष मुरारीलाल शर्मा, जयपुर ज़िला अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह तंवर, जयपुर जिला अध्यक्ष गुड़ियाजी, प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेशचंद्र गुप्ता, प्रदेशमंत्री संजय चतुर्वेदी, प्रदेश महिलामोर्चा उपाध्यक्ष रानी कृष्ण गॉड, प्रदेश प्रचार प्रसार समिति उपाध्यक्ष रामावतार सिंह मौजूद रहे।

### विजय सिंह को मिलेगा अवॉर्ड

**बेधड़क. जयपुर।** संगीत गुरु पं. गोकुल चंद्र राव की स्मृति में सबरंग संस्था की ओर से 27 मार्च को प्रेस क्लब में शाम 6:30 बजे से 41वां गुणीजन संगीत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में सांस्कृतिक लेखन में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए पत्रकार विजय सिंह को पं. गोकुल चंद राव कला लेखन पुरस्कार से नवाजा जाएगा। इसके साथ ही डॉ. श्वेता गर्ग के कथक के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए पं. गोकुल चंद राव कला अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। सबरंग के सचिव पं. राजेन्द्र रॉव ने बताया कि इस दिन डॉ.श्याम सुन्दर शर्मा का ध्रुवपद गायन और डॉ. श्वेता गर्ग और उनकी शिष्य मंडली कथक नृत्य की प्रस्तुति देंगी। उत्तर पश्चिम रेलवे की मुख्य जन संपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण समारोह के मुख्य अतिथि होंगे एवं शिक्षाविद देवनारायण जैमन कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। मोती डूंगरी मंदिर प्रन्यास के महंत कैलाश चंद शर्मा, जाने-माने वैदिक चित्रकार रामू रामदेव और समाज सेवी कुंदन पठानी विशिष्ट अतिथि होंगे।

### फागोत्सव में भजनों की सरिता



**बेधड़क. जयपुर।** श्री श्याम गोपाल मंडल लाल कोठी के तत्वावधान में आयोजित 12वें होली फागोत्सव कार्यक्रम में मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने सपत्नीक शिरकत की एवं श्याम भजनों का आनंद लिया। नटवर कुमावत कुमावत एवं विपुल अग्रवाल ने बताया कि फागोत्सव में फूलों से बाबा श्याम का दरबार सजाया गया सैकड़ों भक्त बाबा के मधुर भजनों पर नाचते नज़र आए। इस अवसर पर पार्षद हिमांशु जैन,विपुल अग्रवाल,सौरभ अग्रवाल,विजेंद्र कुमावत,ऋषि अग्रवाल,गोविंद अग्रवाल,विमल अग्रवाल,गोपाल एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## City इवेंट्स

### 300 लोग देखेंगे सम्मान से आईपीएल



**बेधड़क. जयपुर।** गुलाबी नगरी में आईपीएल मैचों का रोमांच रविवार से शुरू होगा और इस बार 300 लोगों को सम्मान के रूप में मैच दिखाया जाएगा। ये लोग ग्राउंड से जुड़े होंगे और उनके परिवार भी मैच को एंजॉय कर पाएंगे। इसके लिए शनिवार को ग्राउंड्स स्टाफ को कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और राजस्थान रॉयल्स के अधिकारियों ने टिकट-पासेज देते हुए सम्मान किया। दूसरी ओर राजस्थान के प्लेयर्स को भी सम्मान दिया गया और उनको भी परिवार के साथ मैच देखने के लिए आमंत्रित करते हुए पासेज दिए गए। इस मौके पर पंकज सिंह जैसे पूर्व दिग्गज क्रिकेटर्स भी मौजूद रहे, जिन्होंने खुश्खी जाहिर की।

### परिचय सम्मेलन का पोस्टर लॉन्च




**बेधड़क. जयपुर।** करुणानिधि सेवा ट्रस्ट राजस्थान के तत्वावधान में श्रीराम जांगिड़ विकास समिति की ओर से बुधवार को जांगिड़ ब्राह्मण समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर विभिन्न आयोजन होंगे। इसके लिए फ्लैक्स व पोस्टर का विमोचन किया गया। इस मौके पर ट्रस्ट अध्यक्ष जगदीश प्रसाद जांगिड़, समिति के सुरेश जांगिड़, मनोज कुमार, राधा किशन एवं रामबाबू जांगिड़ सहित बडी संख्या में समाज बन्धु उपस्थित रहे। ट्रस्ट अध्यक्ष जगदीश प्रसाद जांगिड़ व समिति अध्यक्ष सुरेश जांगिड़ ने बताया कि सामुदायिक केन्द्र सायपुरा सांगानेर में सम्मेलन होगा। समिति के मनोज कुमार राधा किशन व रामबाबू जांगिड़ के मुताबिक इस मौके पर दीप प्रज्ज्वलन, गणपति पूजन, विश्वकर्मा पूजन, अतिथि सम्मान व समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सत्र के बाद शाम को 4:15 बजे से वात्सल्य सहभोज होगा। ट्रस्ट द्वारा 9-10 मई को सांगानेर सायपुरा के होम्योपैथिक विश्वविद्यालय के सामने स्थित शिव मंदिर परिसर में समाज का प्रथम जांगिड़ ब्राह्मण सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

### फाग नृत्य से जमाया होली का रंग

## कथक में आमद चक्करदार तोड़े तिहाईयां, चक्करदार परणे खास




**बेधड़क | जयपुर**

नेट थिएट कार्यक्रमों की श्रृंखला में कथक नृत्य अकादमी की ओर से अभिलाषा जैन के निर्देशन में फागनृत्य ने होली का रंग जमाया। राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि कथक नृत्य अकादमी की छात्राओं द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से की।

इसके बाद शुद्ध जयपुर कथक में आमद चक्करदार तोड़े, तिहाईयां, चक्करदार परणें, लडे से साकार किया। कथक के साथ-साथ कलाकारों ने होली का रंग जमाते हुए होलिया में उड़े रे गुलाल का मस्ती भरा नृत्य कर सभी को झूमने पर मजबूर किया। होरी वृंदावन मै कैसे होरी खेलूंगी गीतों पर नृत्य किया और अंत में राधाकृष्ण की फुलों की होली ने मनमोहक रंग से दर्शकों को होली के रंगों से सरोबार कर दिया। कार्यक्रम में कलाकार विदुषी, अनन्या, श्रेया, ऐश्नी, अवनी, ऋषिमा, आन्या, सोनाक्षी, तविशी, निश्का, वाणी, दहुश्री, सिद्धि, वान्या, वैष्णवी ने खूबसूरती के साथ जयपुर कथक को प्रस्तुत किया और मनमोहकता के साथ होली नृत्यों को दर्शाया।

कार्यक्रम संयोजक नवल डांगी और कैमरा मनोज स्वामी, संगीत सागर विनोद गढ़वाल, प्रकाश तपेश, मंच व्यवस्था रेणू सनाढ्य, अंकित शर्मा और जीवितेश शर्मा की रही।

### 'मेरे हिस्से का चांद' पुस्तक का लोकार्पण

## यहां सिर्फ प्रेम और मोहब्बत है कोई राजनीतिक नारेबाजी नहीं




**बेधड़क | जयपुर**

प्रगतिशील लेखक संघ की ओर से डॉ. राधाकृष्णन पुस्तकालय में अवनींद्र मान के काव्य संग्रह 'मेरे हिस्से का चांद' का लोकार्पण किया गया। बोधि प्रकाशन से प्रकाशित संग्रह में कवि की 200 से अधिक लघु कविताएं संकलित हैं। इस अवसर पर कृष्ण कल्पित ने कहा कि लेखक के पास यह कला है, कि उसने जीवन के सच्चे बिंब का चित्रण इन कविताओं में किया है। मां, घर, परिवार यह सब कविता ही है। नए ढंग से अपनी बात कहना ही कविता है। ये काल से टक्कर लेती हुई कविताएं हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष शायर लोकेश कुमार सिंह साहिल ने कहा कि अवनीन्द्र साधारण भाषा में सहज कविताएं सीधे दिल को छूती है। यहां सिर्फ प्रेम मोहब्बत है कोई राजनीतिक नारेबाजी नहीं है और यही बात कविता को बड़ा बनाती है। कविता के कई रंग होते हैं और ये कच्चे दूध की तासीर वाली कविताएं हैं। कैंसर की वजह से भले ही आज लेखक बोल नहीं पाते हैं, लेकिन उनकी कविताएं खुद बोलती हैं। यहां शिल्प का बनावटीपन है और न ही भावों की कृत्रिमता है। इस अवसर पर लेखिका उमा ने कवि के जीवन और काव्य पर आत्मीय विचार रखे। वहीं, विजय राही व महेश कुमार ने मान की कविताओं का पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अजय अनुरागी ने किया।

**गुणानुवाद** राणाजी की नसिया चूलगिरी में मानस्तम्भ प्रतिष्ठा के लिए आचार्य संघ हुआ आगमन

# मंदिरों की तरह समाज का जीर्णोद्धार भी बेहद जरूरी

**बेधड़क | जयपुर**

राजधानी के पूर्वी सिंह द्वार स्थित अतिशय क्षेत्र चूलगिरी राणाजी की नसिया में दिगंबर जैन आचार्य सुनील सागर महाराज ससंघ का पदार्पण हुआ।

मंदिर समिति पदाधिकारियों द्वारा अगवानी की गई और आचार्य सुनील सागर महाराज ने कहा कि जिस प्रकार मंदिरों व मानस्तम्भों का जीर्णोद्धार जरूरी है, उसी प्रकार समाज का जीर्णोद्धार आवश्यक है, जिससे युवाओं को सही दिशा मिल सके। जिस प्रकार दूध का मंथन होता है, तब मक्खन की प्राप्ति होती है उसी प्रकार विचारों का मंथन होता है तभी नवनीत की प्राप्ति होती है।



उन्होंने चेताया कि पुरखों के सद्गुणों को जानना चाहिए है और निभाना चाहिए। हमें पुरखों ने बड़ी सौगात प्रदान की है, उनका संरक्षण संवर्धन होना आवश्यक कार्य है।

### जन्म कल्याणक धूमधाम से मनाएं

इस अवसर पर उपाध्याय शशांक सागर महाराज ने भी सभा को संबोधित किया और कहा कि जयपुर नगरी का बड़ा ही पुण्य है जो स्वयं सागर चलकर पुनः यहां पधारे हैं। तीन अप्रैल को प्रथमेश भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याणक संपूर्ण जैन समाज को धूमधाम के साथ मनाना चाहिए। आचार्य ने कहा कि कोसमा की धरती पर कटोरी से जन्मे सागर ने संपूर्ण भारत को जैनत्व का भान कराया तो विहारी लाल के पुत्र ने पद विहार कर अनेकों तीर्थो की वंदना की।

### पंचामृत से किया पाद प्रक्षालन

धर्म जागृति संस्थान के राष्ट्रीय प्रचार मंत्री संजय जैन बड़जात्या कामां ने विचार रखे। सुनील बख्शी ने बताया कि सुबह शांति कुमार ममता सोगानी के फार्म हाउस से जग्गा की बावड़ी के वासु भगवान के दर्शन करने के बाद खानिया पेट्रोल पम्प के पास मुनि संघ प्रबंध समिति की ओर से संघ का स्वागत व पंचामृत से पाद प्रक्षालन किया गया।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, रविवार, 24 मार्च, 2024



सारे मानव समाज को सुन्दर बनाने की साधना का नाम ही साहित्य है।



**विनायक शर्मा**, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ने ली जिम्मेदारी: रूस का दावा- उकसाने वाला यूक्रेन

# आतंकी हमले के मृतकों की संख्या 115 पार

**एजेंसी** | मास्को, रायटर

मास्को में शुक्रवार को हुए आतंकी हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ने ली है। अमाक पर बयान में समूह ने कहा कि उसने रूसी राजधानी मॉस्को के बाहरी इलाके क्रास्नोगोर्स्क शहर में ईसाइयों की एक बड़ी सभा पर हमला किया, जिसमें बड़ी तादाद में लोग मारे गए और सैकड़ों घायल हुए हैं।

इधर, रूस ने आतंकियों को उकसाने में यूक्रेन का हाथ बताया है। रूसी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा है कि यूक्रेन पश्चिम की मदद से पिछले 10 वर्षों से यूरोप में आतंकवाद के प्रसार का केंद्र बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम जानते हैं कि इस खूनी अपराध के पीछे के अपराधियों ने किस देश में योजना बनाई थी। यूक्रेन-यह वही देश है जो पश्चिमी उदारवादी शासन की मदद से पिछले दस वर्षों से यूरोप में आतंकवाद के प्रसार का केंद्र बनता जा रहा है। इधर, अमेरिका ने इस हमले पर चिंता जताई है, लेकिन कहा कि इस हमले में यूक्रेन का हाथ नहीं है। हमले के मृतकों की संख्या 115 पार पहुंच गई है। वहीं, सौ से अधिक लोगों के घायल होने की खबर है।



### दो दशकों की सबसे बड़ी त्रासदी

इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो में इमारत के ऊपर काले धुएं का बड़ा गुबार उठता दिख रहा है। रूसी मीडिया और टेलीग्राम चैनलों द्वारा पोस्ट किए गए कई वीडियो में गोलियों की आवाजें सुनी जा सकती हैं। इसे रूस में दो दशकों में हुआ सबसे भीषण आतंकी हमला बताया जा रहा है। मास्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने हमले को 'बहुत बड़ी त्रासदी' करार दिया है।



*हमले के बाद रूसी एजेंसियों ने इन आतंकियों की पहचान की है।*

### यूक्रेन को बताया जिम्मेदार


इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ अल्फा वेटरन्स के अध्यक्ष सर्गेई गोंचारोव का कहना है रूसी जांचकर्ता हर हाल में हमले के पीछे के मास्टरमाइंड को ढूंढ लेंगे। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को मॉस्को में जो हुआ वह एक भयानक त्रासदी थी। इसलिए मुझे लगता है कि यूक्रेन जिम्मेदारी अस्वीकार कर देगा। क्योंकि कोई भी सार्वजनिक रूप से आतंकवादी हमलों को मंजूरी नहीं देता है। लेकिन किसी भी स्थिति में, फिलहाल मुझे ऐसा कोई कारक नहीं दिख रहा है जो हमें यूक्रेनी कनेक्शन से दूर ले जा सके। यह कोई अन्य संगठन भी हो सकता था, लेकिन मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि इसे यूक्रेन के नाजियों ने उकसाया था। विशेष रूप से, गोंचारोव का मानना है कि यूक्रेनी सैन्य खुफिया प्रमुख काइरिलो बुडानोव शुक्रवार के नरसंहार के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं।

### 1.2 ट्रिलियन डॉलर के पैकेज को मंजूरी

# अमेरिका में टला शटडाउन

**एजेंसी** | वाशिंगटन

अमेरिकी सीनेट ने आंशिक शटडाउन को टालने के लिए 1.2 ट्रिलियन डालर के पैकेज वाले बिल को मंजूरी दे दी है। अब इसे राष्ट्रपति जो बाइडेन के पास हस्ताक्षर के लिए भेजा जाएगा। इस दौरान 24 के मुकाबले 74 वोट पड़े। व्हाइट हाउस ने कहा कि चूंकि संघीय निधि के दायित्वों को दैनिक आधार पर खर्च किया जाता है और ट्रैक किया जाता है, इसलिए एजेंसियां बंद नहीं होंगी और अपना संचालन सामान्य रूप से जारी रख सकती हैं। रिपब्लिकन और डेमोक्रेट्स की ओर से बिल में प्रस्तावित संशोधनों पर तनातनी के बाद शुक्रवार शाम को एक अल्पकालिक सरकारी शटडाउन की संभावनाएं बढ़ गई थीं।



### लंबी प्रक्रिया के बाद सहमति

आधी रात से ठीक पहले सीनेट के बहुमत नेता चक शूमर ने इसे लेकर सहमति की घोषणा की। शूमर ने कहा कि यह बहुत लंबा और कठिन दिन रहा, लेकिन हम सरकार के वित्त पोषण का काम पूरा करने के लिए समझौते पर पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि यह देश के लिए अच्छा है कि हम इस द्विदलीय समझौते पर पहुंचे हैं। यह आसान नहीं था। कांग्रेस ने पहले ही आंतरिक, कृषि और अन्य मामलों के लिए धन को मंजूरी दे दी है।

### वीडियो जारी कर कहा- परिवार के लिए मुश्किल समय

# प्रिंस विलियम की पत्नी केट मिडलटन को कैंसर

**एजेंसी** | लंदन

ब्रिटेन के प्रिंस विलियम की पत्नी वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन कैंसर से पीड़ित हैं। उनकी कीमोथेरेपी शुरू हो गई है। इंटरनेट मीडिया पर एक वीडियो संदेश जारी कर उन्होंने पिछले दो महीनों को पूरे परिवार के लिए काफी कठिन बताया। उन्होंने लोगों से कहा कि इलाज जारी है, ऐसे समय में समय और स्थान को लेकर गोपनीयता बरतें। केट ने कहा कि मैं अब ठीक हूं। मैं उन चीजों पर ध्यान केंद्रित करके हर दिन मजबूत हो रही हूं, जो मुझे ठीक होने में मदद कर रही है। 42 वर्षीय केट को क्रिसमस के बाद से सार्वजनिक रूप से नहीं देखा गया था।



### जनवरी- 2024 में हुई थी सर्जरी

इसी वर्ष जनवरी में केट के पेट की सर्जरी हुई थी। इसके बाद से वो सार्वजनिक तौर पर नजर नहीं आई हैं। दो महीने से ज्यादा समय बीत जाने के बाद अब केट की बीमारी की जानकारी सामने आई है। लोग सर्जरी के बाद केट की हालात गंभीर होने का अनुमान लगा रहे थे। लेकिन राजपरिवार ने कहा है कि केट रिकवर हो रही हैं और ईस्टर के बाद सार्वजनिक तौर पर नजर आएंगी।

## जरदारी ने छेड़ा कश्मीर राग

**इस्लामाबाद**। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने शनिवार को कश्मीर का मुद्दा उठाते हुए इसे दक्षिण एशिया में अस्थिरता का अहम कारण बताया, जो इस मामले में पाकिस्तान की खिसियाहट दिखाता है। पाकिस्तान दिवस के मौके पर इस्लामाबाद में संकल्प दिवस ग्रैंड परेड में बोलते हुए जरदारी ने कहा, हमारे क्षेत्र में अस्थिरता का एक मुख्य कारण जम्मू-कश्मीर पर भारत का अवैध कब्जा है।

### गरम करने पर जल रहे थे लोगों के हाथ

## नेस्ले ने वापस मंगवाए 4.4 लाख मग

**एजेंसी** | न्यूयॉर्क

नेस्ले ने सर्दियों की छुट्टियों के दौरान 4 लाख 40 हजार से अधिक स्टारबक्स-ब्रांडेड मग बेचे थे। कुछ उपयोगकर्ताओं के द्वारा इसकी क्वालिटी की शिकायत करने के बाद कंपनी ने अपने सभी स्टारबक्स मग वापस मंगा लिए हैं। अमेरिकी उपभोक्ता उत्पाद सुरक्षा आयोग ने कहा कि जब मग को माइक्रोवेव में गरम किया जाता है तो इसके टूटने के संभावना बढ़ जाती है, जिससे जलने और चोट लगने का खतरा हो सकता है। अमेरिकी उपभोक्ता उत्पाद सुरक्षा आयोग ने बताया कि नेस्ले देश भर में नवंबर से जनवरी तक मग को ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों माध्यमों से गिफ्ट सेट के रूप में करीब 10 डॉलर, 13 डॉलर या 20 डॉलर में बेचा गया था। सुरक्षा एजेंसी ने बताया कि मग के टूटने की 10 सूचना दर्ज की गई, जिसमें नौ गंभीर रूप से जलने और उंगलियों या हाथों पर छाले के मामले सामने आए। कुल 12 मामले सामने आए हैं।

### यह बोली कंपनी

कंपनी ने इस मामले पर एक बयान भी दिया है। नेस्ले ने कहा कि उपभोक्ताओं द्वारा संपर्क किए जाने के बाद इस समस्या का पता चला है। इसके बाद इस पर तत्काल कार्रवाई की गई है और कंपनी मग को वापस लेने के लिए अमेरिकी उपभोक्ता उत्पाद सुरक्षा आयोग के साथ मिलकर काम कर रही है।

### ग्रीस में मिला 10 जहाजों का मलबा

# समुद्र में मिली इतिहास की 'दौलत'

**एजेंसी** | एथेंस

यूरोपीय शोधकर्ताओं ने हाल ही में ग्रीस के समुद्र में कई प्राचीन जहाजों के टुकड़े खोजे हैं। यह इतिहास किसी खजाने से कम नहीं है। मलबे कासोस द्वीप के आसपास के पानी में पाए गए। सर्वेक्षण अक्टूबर 2023 में पूरा हुआ था। अधिकारियों को कुल 10 जहाजों के मलबे मिले थे। साइट पर सबसे पुराने डूबे हुए जहाजों के टुकड़े 3000 ईसा पूर्व के हैं। वहीं सबसे नया जहाज दूसरे विश्वयुद्ध का है। इसमें क्लासिकल पीरियड, हेलेनिस्टिक ग्रीस और रोमन ग्रीस के जहाज के टुकड़े पाए गए। मध्ययुगीन काल और ओटोमन साम्राज्य के समय के मलबे और कलाकृतियां मिलीं। जांच के लिए शोधकर्ताओं ने 154 फीट की गहराई तक गोता लगाया।



### खींची 20 हजार तस्वीरें

ग्रीक संस्कृति मंत्रालय ने कहा कि कलाकृतियों के अध्ययन ने इतिहास के पहलुओं के साथ-साथ भूमध्य सागर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के बारे में नई जानकारी और पुरातात्विक डेटा दिया है। स्पेन, इटली, अफ्रीका और तुर्की के तटों से माल लेकर आने वाले प्राचीन जहाजों के डूबे हुए अवशेष मिले हैं। ग्रीक और विदेशी शोधकर्ताओं और प्रोफेसरों की एक टीम ने इनका पता लगाया। तकनीकी उपकरणों का इस्तेमाल करते हुए शोधकर्ताओं ने पानी के नीचे 20 हजार से ज्यादा तस्वीरें खींचीं, जिनका इस्तेमाल निष्कर्षों का अध्ययन करने के लिए किया गया था।

### मिले हजारों साल पुराने मिट्टी के बर्तन

रिपोर्ट में कहा गया कि हजारों साल पुराने स्पेनिश मिट्टी के बर्तन मिले हैं। इनका इस्तेमाल जैतून के तेलों के लिए किया जाता था। शोधकर्ताओं ने रोमन ग्रीस काल के अफ्रीका में बने बर्तन और बोतलों को खोजा है। साथ ही ग्रीक पुरातन काल (800 ईसा पूर्व से 480 ईसा पूर्व) का एक लंगर भी मिला जो पत्थर का बना है। साइड स्कैनिंग सोनार मशीन के इस्तेमाल से पहली बार इस क्षेत्र की मैपिंग की गई। दूसरे विश्वयुद्ध के समय वाले जहाज के मलबे की भी पहचान की गई है। यह धातु और लकड़ी की बनी नाव है जिसके 25 से 30 मीटर होने का अनुमान है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl